




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 100 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 22 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### मीडिया संस्थानों पर भी छंटनी की मार, CNN से लेकर वाशिंगटन पोस्ट ने की कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दिग्गज आईटी कंपनियों में छंटनी की मार अब मीडिया संस्थानों तक पहुंच गई है। वर्तमान चुनौतियों और आर्थिक स्तर पर अस्थिरता के चलते अमेरिकी मीडिया भी इन दिनों कठिन समय से गुजर रही है। इस बीच सीएनएन से लेकर वाशिंगटन पोस्ट जैसे बड़े संस्थानों तक में कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की गई है।

वोक्स और द वर्ज वेबसाइटों के साथ-साथ लैंडमार्क न्यूयॉर्क मैगजीन और इसके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मालिक वोक्स मीडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने सात प्रतिशत कर्मचारियों को बाहर निकाल रहे हैं। वोक्स मीडिया के सीईओ जिम बैंकोफने घोषणा की कि उद्योग को प्रभावित करने वाले चुनौतीपूर्ण आर्थिक वातावरण के कारण हमने विभागों में कर्मचारियों की लगभग सात प्रतिशत भूमिकाओं को समाप्त करने का कठिन निर्णय लिया है।

### भारत की राह पर चीन, IMF के बेलआउट पैकेज के लिए श्रीलंका

बीजिंग (एजेंसी)। कर्ज में डूबे श्रीलंका की मदद के लिए भारत की राह पर चीन भी आगे बढ़ रहा है। उसने 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को जारी करने के लिए आईएमएफ को वित्तीय आश्वासन दिया है। चीन का यह कदम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के श्रीलंका दौरे के बाद उठाया गया है।

दरअसल, बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका की यात्रा की थी और खराब आर्थिक संकट से जूड रहे देश की मदद से के लिए आईएमएफ को वित्तीय आश्वासन भी दिया था। बता दें, श्रीलंका आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का ऋण हासिल करने के लिए प्रयासरत है। वह चीन, जापान और भारत जैसे प्रमुख कर्जदाताओं से वित्तीय आश्वासन हासिल करने की कोशिश कर रहा है। आईएमएफ ने राहत पैकेज को रोक दिया है और वह श्रीलंका के प्रमुख कर्जदाताओं से वित्तीय आश्वासन चाहता है।

#### चीन ने आईएमएफ को लिखा पत्र

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहत पैकेज के लिए चीन के एक्जिम बैंक ने शनिवार को श्रीलंका को पुनर्भुगतान पर दो साल की छूट देने और विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) से सहमत होने के लिए आईएमएफ को एक पत्र लिखा है।

## भिलाई तीन के सिरसागेट के पास ट्रक से भिड़े बाइक सवार

# दो भाईयों की दर्दनाक मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सड़क हादसे में दो मौसेरे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई। बीती रात यह हादसा भिलाई-3 में सिरसा चौक के पास हुआ। मृतकों में अंकित सिंह पिता सुरेश सिंह (21) निवासी बेलपहाड़ ओडिशा व आदित्य सिंह पिता हरी सिंह (16) हाल निवासी रेलवे कालोनी चरोदा शामिल हैं। दोनों युवकों को पल्सर मोटर साइकिल में सवार होकर पावरहाउस से चरोदा लौट रहे थे इस दौरान सिरसा गेट के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए।

बताया जा रहा है कि मृतक अंकित सिंह और आदित्य सिंह की मां आपस में बहने हैं। चरोदा रेलवे कालोनी निवासी संगीता सिंह की 18 जनवरी को शादी थी। अंकित सिंह इस शादी में शामिल होने बेलपहाड़ ओडिशा से चरोदा आया था। वहीं मूलरूप से बिहार निवासी आदित्य सिंह चरोदा में अपनी नानी के घर पर रहकर ज्योति विद्यालय में कक्षा 11 वीं की पढ़ाई कर रहा था।

शनिवार को अंकित और आदित्य बिहार से शादी में आए दूसरे मौसा व मौसी को भिलाई पावरहाउस स्टेशन छोड़ने गए थे। दोनों ने दोस्त से पल्सर मोटर साइकिल ली और इसी से रात 10 बजे के आसपास पावरहाउस से चरोदा लौट रहे थे। भिलाई-3 के सिरसा चौक के पास जानलेवा हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलने पर टीआई मनीष शर्मा दलबल सहित घटना स्थल पहुंचे और गंभीर हालत में सड़क पर पड़े दोनों युवकों को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में ही दोनों के मौत हो जाने की पुष्टि कर दी। हादसे के बाद ट्रक के साथ चालक फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कापी अब हिन्दी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में मिलेगी

### बीसीएमजी के कार्यक्रम में पहुंचे चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ कहा- हो रही है तैयारी

**मुंबई। (एजेंसी)** । देश में अब सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कापी को आसानी से पढ़ा जा सकेगा क्योंकि एससी ने अब हिन्दी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी फैसले की कापी देने का निर्णय लिया है। कोर्ट के फैसलों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के जरिए दूसरी भाषाओं में ट्रांसलेट किया जाएगा। इससे गांवों में रहने वाले लोगों को उनकी भाषा में फैसलों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। जस्टिस चंद्रचूड़ मुंबई में काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा (BCMG) के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि CJI ने कहा कि कहा कि देश का अदालती सिस्टम लोगों के लिए बनाया गया है और सिस्टम व्यक्ति के ऊपर नहीं हो सकता है। चीफ जस्टिस ने कोर्ट की कार्यवाही के लाइव-स्ट्रीमिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कानून में रुचि रखने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स लाइव-स्ट्रीमिंग के जरिए कोई भी केस देख सकते हैं, उसे समझ सकते हैं और उस पर चर्चा कर सकते हैं। जब आप लाइव किसी मुद्दे पर चर्चा करते हैं, तो पता चलता है कि समाज में कितना अन्याय हो रहा है।

चीफजस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा है कि हमें अपने सिस्टम की खामियों को ढंकने की जरूरत नहीं है। हमें इसे सामने लाकर इसकी मरम्मत करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कोर्ट से जुड़ी सूचनाएं मिलने में आने वाली परेशानियां दूर करने के लिए तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की कॉपी जल्द ही हिंदी समेत देश की दूसरी भाषाओं में देने का निर्णय सभी को आसानी से कोर्ट के फैसलों की जानकारी देना है। इसके लिए तैयारियां की जा रही है।

#### सबको मौका देना जरूरी

कोर्ट में सोशल गैदरिंग पर जोर देते हुए CJI ने कहा- युवा और नए वकीलों को जितने ज्यादा मौके दिए जाएंगे, वकालत का पेशा उतना ही समृद्ध होगा। हमें अवसर को कुछ खास लोगों तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए, इसके लिए हाशिए पर पड़े समुदाय के वकीलों को मौका देना जरुरी है। उन्होंने कहा- मैं सुप्रीम कोर्ट में रोज आधा घंटा युवा वकीलों को सुनता हूं, इससे देश की नब्ज का पता चलता है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम में अफसर बनने का मौका, 9000 पदों पर निकली वेकेन्सी

**नई दिल्ली** (एजेंसी)। भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने अपरेंटिस डेवलपमेंट ऑफिसर पदों पर बंपर भर्ती निकली है। इसके लिए LIC ने 2023 का नोटिफिकेशन जारी किया है। एलआईसी एडीओ (Apprentice Development Officers) पद पर 9000 से ज्यादा रिक्तियां भरी जाएंगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एलआईसी की आधिकारिक वेबसाइट licindia.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

LIC ADO भर्ती 2023 के ऑनलाइन आवेदन 21 जनवरी से शुरू हो चुके हैं। योग्य उम्मीदवार 10 फरवरी 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। कॉल लेटर 4 मार्च, 2023 डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 12 मार्च व मुख्य परीक्षा तिथि 8 अप्रैल 2023 रखी गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 9000 पद भरे जाएंगे। साउथर्न जोनल ऑफिस के 1516 पद, साउथ सेंट्रल जोनल ऑफिस में 1408 पद, नॉर्थ जोनल ऑफिस में 1216 पद, नॉर्थ सेंट्रल जोनल ऑफिस में 1033 पद, ईस्टर्न जोनल ऑफिस में 1049 पद, ईस्ट सेंट्रल जोनल ऑफिस में 669 पद, सेंट्रल जोनल ऑफिस में 561 पद, वेस्टर्न जोनल ऑफिस में 1942 पद हैं।

## किचन सामग्री की दुकान में लगी आग, दो गाड़ी सहित लाखों का सामान जलकर खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के फूल चौक में भीषण आग लगने से एक किचन सामग्री की दुकान जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। घटना आज सुबह 6 बजे के आस-पास की है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाडियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। वहीं पुलिस भी घटनास्थल पर मौजूद रही।




भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना में दो गाड़ी भी जलकर पूरी तरह से राख हो गई है। वहीं एक कार के भी जलने की बात कही जा रही है। आग लगने से घर में कुछ लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। राहत की बात ये है कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

#### एक घंटे बाद भी नहीं पहुंचे बिजली कर्मचारी

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दमकल टीम को बिजली के तारों की वजह से आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हादसे के बाद बिजली विभाग से संपर्क किया गया था, लेकिन वहां से कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी-अधिकारी घटना के एक घंटे बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने शार्टसर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई है।

## मैदान में घुसा रोहित शर्मा का नन्हा फैन, भारतीय कप्तान को लगाया गले, हिटमैन ने दिखाई दरियादिली

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में शनिवार (21 जनवरी) को खेला गया। टीम इंडिया ने इस मुकाबले को आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। भारत ने मैच के साथ-साथ सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया। उसने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। कप्तान रोहित शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेली। इस मुकाबले के दौरान एक शानदार पल देखने को मिला।

रोहित जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो एक नन्हा फैन मैदान में घुस गया। वह सीधे रोहित शर्मा के गले लग गया। दरअसल, 10वें ओवर ने रोहित शर्मा ने एक शानदार छक्का लगाया। गेंद दर्शक दीर्घा में जाकर गिरी। छक्का लगने के तुरंत बाद ही नन्हा फैन मैदान में घुस गया। वह तेजी से भागकर भारतीय कप्तान के पास गया और गले लग गया। तभी सुरक्षाकर्मी उसे खींचने लगे तो हिटमैन ने उसे रोका।

#### रोहित ने सुरक्षाकर्मी से नरमी बरतने के लिए कहा

रोहित शर्मा ने दरियादिली दिखाते हुए सुरक्षाकर्मी से नन्हें फैन के प्रति नरमी बरतने को कहा। रोहित का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। रोहित ने 51 गेंद की पारी में 50 रन बनाए और टीम इंडिया को जीत के करीब पहुंचा दिया।

#### शमी ने लिए तीन विकेट

मैच की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने रायपुर की नई पिच पर कहर बरपाते हुए न्यूजीलैंड को 34.3 ओवर में 108 रन पर समेट दिया। रायपुर में भारतीय टीम पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली। यहां कि पिच टीम इंडिया के गेंदबाजों के लिए स्वर्ग साबित हुई। भारत ने 20.1 ओवर में दो विकेट पर 111 रन बनाकर मैच को जीत लिया। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए।

## रील बनाने कड़कड़ाती ठंड में बाइक पर सिगड़ी जलाकर आग तापते वीडियो वायरल, पुलिस आई हरकत में



**भोपाल (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए युवा अलग-अलग तरह के वीडियो बनाते नजर आते हैं, जहां वीडियो बनाने के लिए युवा अलग-अलग तरह की तरकीब भी खोज लेते हैं। लेकिन इन तरकीबों के जरिए वीडियो बनाते समय युवा नियम तोड़ने जैसे काम भी करते हैं। हाल ही में सोशल आर्थिक राजधानी से एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें दो युवा कड़कड़ाती ठंड में बाइक पर सिगड़ी जलाकर हाथ तापते दिखाई दे रहे थे। इसमें एक युवक बाइक चला रहा था, तो वहीं दूसरा युवक बाइक पर उल्टा बैठकर सिगड़ी पर हाथ ताप रहा था।

सोशल मीडिया पर जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, वैसे ही पुलिस अधिकारियों ने इस वीडियो को संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा बाइक के नंबर के आधार पर बाइक और चलाने वाले युवक की तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस बाइक चलाने वाले युवक और उसके साथ बैठे अन्य युवक जो की हाथ ताप रहा है, उसकी तलाश कर रही है। पुलिस दोनों युवकों की तलाश में इनके घर पहुंची, जहां दोनों युवक नहीं मिले। वहीं अब पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेने की बात कहती नजर आ रही है।

## बागेश्वर धाम के दरबार में मुस्लिम युवती ने अपनाया हिंदू धर्म, कहा-यहां भाई-बहन की शादी नहीं होती

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ में इन दिनों धर्मांतरण का मुद्दा गरमाया हुआ है। जहां बीजेपी-कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर एक दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप लगा रहे हैं, तो वहीं रायपुर के गुढ़ीयारी में श्रीराम कथा कह रहे बागेश्वर धाम के महाराज पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दरबार में एक मुस्लिम युवती ने हिंदू धर्म अपनाने की घोषणा की।

युवती का कहना है कि सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ हैं। क्योंकि यहां अपने भाई- बहन की शादी नहीं होती है। तलाक देकर बीवी को छोड़ा नहीं जाता है। दूसरी ओर शनिवार को ही ओडिशा के 3 लोगों ने भी धर्म वापसी कर सनातन धर्म को अपनाने की घोषणा की।

इसके पूर्व पंडित शास्त्री ने कहा था कि छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुए हैं। इस पर पलटवार करते हुए मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि यदि धीरेंद्र शास्त्री इस बात को सिद्ध कर दें तो मैं अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा और या तो महाराज अपनी पंडिताई छोड़ दें। वे मेरे साथ बस्तर चलें और 2 दिन में दिखा दें कि कहां पर धर्म परिवर्तन हुआ है।

#### अंधविश्वास फैलाने का आरोप

वहीं नागपुर में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव ने आरोप लगाया था कि महाराज अंधविश्वास फैला रहे हैं। आरोप लगाया कि मेरी चुनौती के दो दिन पहले ही महाराज यहां से भाग गए। इस चुनौती का जवाब देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने रायपुर में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वो चुनौती को स्वीकार करते हैं। नागपुर के तथाकथित आरोप लगाने वाले लोगों का रायपुर में स्वागत है। मैं दिव्य दरबार में जवाब दूंगा। महाराज ने कहा कि पाखंडियों के मुंह पर बागेश्वर महाराज ठठरी बांधेंगे। वे सनातन धर्म की अलख जगाने आए हैं। धर्मांतरण को लगातार रोक रहे हैं। सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहे है।

## नफरत की आंधी और प्यार पर पहरा

श्रीकंचनपथ




यह तो होना ही था. जब सियासी लोग चारों तरफ नफरत की आग लगाते फिरेंगे तो किसी न किसी को तो प्यार का पैगाम देने के लिए पहल करनी ही होगी. लखनऊ से शुरू होकर प्यार का यह पैगाम भिलाई पहुंच गया. एक युवा जोड़ा बाइक पर रोमांस करता हुआ दिखा. इसका वीडियो वायरल हो गया. लड़का बाइक चला रहा है और लड़की फ्यूल टैंक के सहारे उसकी गोद में बैठी झप्पी पा रही है. लड़के के दोनों हाथ हैण्डल पर, नजर सामने और पैर फुटरेस्ट पर हैं. इससे पहले लखनऊ का एक वीडियो वायरल हुआ था. फर्क केवल इतना है कि लखनऊ वाला जोड़ा स्कूटी पर था और भिलाई का जोड़ा बाइक पर. लखनऊ वाला युवक जहां भीड़ भरी सड़कों पर स्कूटी दौड़ा दड़ा रहा था वहीं भिलाई का युवक लगभग सूनी पड़ी सड़क पर बाइक चला रहा था. इस तरह का रोमांस फिल्मों में देखकर 99 फीसदी लोग खुश होते हैं. जब यही सबकुछ अपनी आंखों के सामने रियल लाइफ में होता दिखाई देता है तो जान जल जाती है. मन में एक हूक से उठती है कि काश! उनकी जगह हम होते. हमारी तो उम्र खून से चिट्ठियां लिखते गुजर गई और नतीजा निकला आंखों से बहता नमकीन पानी. वैसे कुछ लोग इसे खतरनाक ड्राइविंग का मामला बता रहे हैं. इससे सहमत होना मुश्किल है. इससे भी ज्यादा खतरनाक ड्राइविंग लोग तब कर रहे होते हैं जब वे स्कूटी में पैरों के बीच गैस का सिलिंडर, गेहूं या चावल का कट्टा फंसाए चल रहे होते हैं. कंधे पर बांस, पीवीसी पाइप जैसे लंबी चीजें लेकर भी लोग बाइक से चलते दिखाई देते हैं. बाइक के हैण्डल पर सब्जी का थैला लटकाए होते हैं. कुहनी पर हेलमेट पहने होते हैं. तब तो नहीं बनता कोई रील, नहीं होता इसका वीडियो वायरल. बाइक रोमांस के इस वीडियो से ट्रैफिक पुलिस को बस इतनी शिकायत हो सकती है कि लड़के ने हेलमेट नहीं पहना है और बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं है. रोमांस के खिलाफ कोई कानून नहीं है. किसी को गोद में बैठाने के खिलाफ भी कोई कानून नहीं है. फिर इतनी हायतौबा क्यों? इसकी एक ही वजह हो सकती है कि इस बिंदास रोमांस से जलन हो रही है, कुढ़न हो रही है. कुछ लोग तो केवल मजा लेने के लिए भी रील बनाते हैं. वे जिन्दगी को जीना चाहते हैं. हर पल से खुशियों को निचोड़ लेना चाहते हैं. उनसे जिन्दगी का यह सुख, यह पल क्यों छीना जाना चाहिए? वैसे भी हम इस पीढ़ी को क्या विरासत देकर जा रहे हैं? प्रदूषित वातावरण, कचोटता अकेलापन और अनिश्चित भविष्य?




## संपादकीय

### पहलवानों के आंसू

यह घटनाक्रम दुखद ही है कि दुनिया में पदक जीत कर तिरंगा लहराने वाली महिला पहलवान जंतर-मंतर पर लाचार होकर आंसू बहाएं। ज्यादा दिन नहीं हुए जब हरियाणा में एक महिला कोच ने खेल मंत्री पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप लगाये थे। यूं भी गाहे-बगाहे विभिन्न खेलों में अपने देश के सपने पूरे करने में लगी महिला खिलाड़ियों के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले सामने आते रहे हैं। लेकिन कोई पारदर्शी व फुलप्रूफ तंत्र नहीं बना, जो प्रतिभाओं की सुरक्षा के लिये कारगर हो। कुश्ती संघ के मुखिया और भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह पर अंतर्राष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया आदि ने जो आरोप लगाये हैं, वे गंभीर प्रवृत्ति के हैं, जिनको गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच करवायी जानी चाहिए।

> महिलाओं से यौन दुर्व्यवहार की स्थिति इतनी भयावह है कि महिलाओं की सुरक्षा का जायजा लेने गई दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल खुद छेड़छाड़ का शिकार हो गईं।

यह प्रकरण बताता है कि महिला खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के अलावा किन कठिन परिस्थितियों व दबावों में काम करना होता है, विरोध करने पर उन्हें अपना कैरियर दांव पर लगाना होता है। यह विडंबना ही है कि खेल संघों के निरंकुश व्यवहार तथा महिला खिलाड़ियों के साथ यौन दुर्व्यवहार रोकने के लिये कारगर तंत्र नहीं बनाया गया। हरियाणा में भी महिला आयोग के प्रमुख की तो नियुक्ति हुई है लेकिन संस्था के अन्य सदस्यों का चयन नहीं हो सका है। महिलाओं से यौन दुर्व्यवहार की स्थिति इतनी भयावह है कि महिलाओं की सुरक्षा का जायजा लेने गई दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल खुद छेड़छाड़ का शिकार हो गईं। दिल्ली में एम्स के पास नशे में धुत एक व्यक्ति ने उनसे बदसलूकी ही नहीं की बल्कि 15 मीटर तक कार में घसीटा भी। यह स्थिति भयावह है। ऐसे में आम महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह गंभीर स्थिति है। जंतर-मंतर पर इस रक्त जमाती सर्दी में धरने पर बैठी खिलाड़ियों को देखकर स्वाभाविक सवाल उठता है कि देश में कोई तंत्र ऐसा नहीं है जो समय रहते पीड़िताओं की आवाज सुन सके? क्यों सरकार तब जागती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगता है। क्यों राजनेताओं को खेल संघों पर बैठाया जाता है? क्यों ब्रजभूषण कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद पर एक दशक से अधिक समय सें काबिज है? नि:संदेह, कोई भी खेल संगठन हो, उसके कर्ता-धर्ताओं का श्रेष्ठ आचरण बुनियादी शर्त है। इन संगठनों पर वे ही लोग नियुक्त होने चाहिए, जो खेल और खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील हों। बेशक, सरकार ने कुश्ती फेडरेशन से जवाब मांगा है, लेकिन सरकार की पहल देर से हुई है। वहीं संस्था के अध्यक्ष ऐसे आरोपों से इनकार कर रहे हैं। बहरहाल, आरोपों की हकीकत को जांच के जरिये तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसी पारदर्शी व्यवस्था स्थापित होनी चाहिए कि खेल संगठन कुछ लोगों की घेराबंदी का शिकार न हों। असली मुद्दा ये भी है कि यदि खेल संगठनों का यही आलम रहा तो लोग अपनी बेटियों के खेलों में भाग लेने से कतराएंगे। जैसा कि बेटियों को पहलवानी के लिये प्रेरित करने वाले बहुचर्चित पहलवान महावीर फोगाट ने भी कहा है कि यदि ऐसी ही स्थितियां रहीं तो मां-बाप अपनी बेटियों को खेलों से दूर रखेंगे। वैसे इस प्रकरण में हरिणाणा की खाप-पंचायतों की पहल सकारात्मक रही है और उन्होंने बेटियों को संरक्षण और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता की बात कही है। नि:संदेह यह घटनाक्रम दु:ख और चिंता का विषय है। देश में सुनिश्चित होना चाहिए कि खांटी राजनेता खेल संघों पर काबिज न हो सकें। अब इस प्रकरण का न्यायपूर्ण पटाक्षेप हो सके, सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। आरोपी कितना भी ताकतवर क्यों न हो, सख्त सजा का हकदार हो। इस मामले को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर देश-दुनिया की नजर है।

## हिंदी साहित्य में इतना सन्नाटा क्यों है

एक बहस नहीं, एक मुद्दा नहीं, एक अपील नहीं, एक कैंपेन नहीं, ध्यान खींचने वाली एक आलोचनात्मक टिप्पणी नहीं, जिस दिल्ली में हिंदी के हजारों लेखक रहते हों, वहां ऐसा सन्नाटा मुझे बर्दाश्त नहीं होता। मेरी दिल्ली ऐसी तो कभी नहीं रही। पिछले चालीस-पचास बरसों में ऐसी हलचल विहीन दिल्ली न देखी, न सुनी!

एक वक्त रहा, जब जरा-जरा सी बात पर तूफान उठा करते थे नामवर ने यह कह दिया... तो कई दिन उसी की 'हाय-हाय' और 'वाह-वाह' में निकल जाते। राजेंद्र यादव ने जैनेंद्र के खिलाफ ऐसा क्यों बोल दिया? कमलेश्वर ने सारिका में लघुपत्रिका आंदोलन पर किन्हीं अनिल घई से हमला कराया और समांतर कहानी आंदोलन शुरू किया। नामवर की पुस्तक कविता के नए प्रतिमान को रामविलास ने धर्मयुग में 'कलगी बाजरे की' सिद्ध कर उसे ढेर कर दिया।

जरा-जरा सी बात पर पंगे होते और महीनों तक साहित्य में छाए रहते। साहित्य खबर बनता। एक दिन खबर आती कि हरिशंकर परसाई पर हमला हुआ है, तो फौरन उनके पक्ष में सैकड़ों लेखक दस्तखत कर देते और हमारे जैसे उस खबर को छपवाने अखबारों के दफ्तरों के चक्कर लगाने लगते। श्रीकांत वर्मा ने एक सेमिनार में प्रगतिशीलों पर हमला किया, तो रामविलास शर्मा ने उनको वहीं ऐसी-ऐसी सुनाई कि सब ठंडे हो गए! एक बार का अकादेमी सम्मान विष्णु प्रभाकर की कृति आवारा मसीहा को न दिया जाकर किसी और को दे दिया गया। इससे असंतुष्ट मुद्राराक्षस ने एलान कर दिया कि अब हम लेखक आवारा मसीहा को 'जन सम्मान' देंगे। कमेटी बन गई। अकादेमी की रकम जितनी राशि लेखकों से जुटाई गई और सम्मान-पत्र के साथ एक समारोह में विष्णु जी को भेंट कर दी गई। साहित्यिक पंगा हुआ, तो पंगा ही सही। वे कर सकते हैं, तो हम क्यों नहीं कर सकते? यही अदा रहती! कोई भी पूछ उठता था, आपने रघुवीर सहाय का काव्य संकलन हंसो हंसो जल्दी हंसो या धूमिल का संसद से सड़क तक पढ़ा? यह पढ़ा? वह पढ़ा? लोग ऐसे पूछते थे, जैसे इनको पढ़ना किसी बड़े साहित्यिक इम्तिहान को पास करने के लिए जरूरी हों।

इस बार का 'भारत भूषण सम्मान' उसको मिला, इसे नहीं, क्योंकि यह उनका चमचा है। 'पहल सम्मान' उसे दिया गया, क्योंकि वह उस गुट का था। यह तो शुद्ध पक्षपात है और लीजिए, इस बरस का 'श्रीकांत वर्मा सम्मान' उसे दिया गया, जबकि तीन लेखक उससे कहीं बेहतर थे।

सच! तब के साहित्यकार किसी हीरो से कम न नजर आते। वे खुद चलते-फिरते साहित्य होते। उनकी हरेक हरकत पर नजर रखी जाती। कोई जरा सा इधर-उधर हुआ कि पकड़ा गया। कौन क्या क्या कर रहा है, इस पर निगाह रखते। सबकी अपनी खुली राय होती। वह बुरा मानेगा, इसकी परवाह किए बगैर आप लेखक से अपनी राय कह सकते थे। तब 'पॉलिटिकली करेक्ट' होने की जरूरत नहीं थी। यह हिंदी की साहित्यिक संस्कृति थी। हर साहित्यिक घटना की बाल की खाल निकाली जाती। लोग बिजी रहते। इसी बहाने कुछ पढ़ते-पढ़ाते, लिखते-लिखाते, फिर एक-दूसरे से जिरह करते। वादे वादे जायते तत्वबोध होता रहता। कुछ न कुछ होता रहता था। जब कुछ न होता, तो पैदा किया जाता। यह भावों व विचारों से भरी साहित्यिक संस्कृति थी, जो अब नहीं है! यूं तो हरेक बंदा लेखक है। ऑनलाइन है। सबके ग्रुप्स हैं। सब कुछ न कुछ लिखते रहते हैं, पर अब इन सबके दिल में भावों, भावनाओं और विचारों व शब्दों की जगह 'इमोजी' रहते हैं; भावों और विचारों की जगह उनके चिह्न रहते हैं, इसीलिए अब साहित्य में कोई रिस्क नहीं लेता, सब सिर्फ 'सेफ' खेलते हैं। किसे दुश्मन बनाएं? जाने कौन कब किस काम आ जाए? इसलिए कोई दिल की बात नहीं कहता और इसीलिए हिंदी साहित्य में इतना सन्नाटा है!

**सुधीश पचौरी**

> हुकूमत और समाज अगर खिलाड़ियों के हितों को न पोस सके, तो यह गलत है, पर स्टार खिलाड़ी यदि अपने स्टारडम का दुरुपयोग करें, तो इसे गर्हित कृत्य के सिवा कुछ नहीं कहा जा सकता। भारतीय कुश्ती महासंघ का महासंग्राम इस कड़वे सच की मुनादी करता है कि व्यापक खेल सुधारों का वक्त आ गया है। हमें इस बार चूकना नहीं चाहिए।

# पहलवानों को गुस्सा क्यों आया?

शशि शेखर

जनार्दन ग्यानोबा नवले का नाम सुना है आपने? नवले ने क्रिकेट के 'मक्का' लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पहली गेंद का सामना किया था। उन्होंने दो टेस्ट और 65 प्रथम श्रेणी के मैच खेले थे। सन 1950 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें कोई ढंग का काम नहीं मिला। 7 सितंबर, 1979 को आखिरी सांस लेते वक्त वह बॉम्बे-पूणे रोड पर भीख मांग रहे थे। इतिहास के खुशनुमा मोड़ से करियर शुरू करने वाले कभी-कभी किस मुकाम पर गुम हो जाते हैं!

दुर्भाग्य से वह अकेले नहीं हैं। वीनू मांकड़, सूते बनर्जी जैसे तमाम दिग्गजों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। क्रिकेट की दुनिया में कैरी पैकर की दस्तक से पहले अधिकांश क्रिकेटरों के यही हालात थे। पैकर ने उनकी आमदनी के दरवाजे खोले और हालात बदलते चले गए। अब तो सयाने अपने बच्चों को पेशेवर क्रिकेटर बनाना चाहते हैं, ताकि वे नाम और दाम, दोनों कमा सकें।

यह बात अलग है कि कुछ खेलों को छोड़ दें, तो देश में खिलाड़ियों के लिए गौरव और प्रतिष्ठा अभी भी कहीं दूर टिमटिमाता एक तारा भर है। ऐसा न होता, तो दिल्ली के दिल जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के तमाम पहलवानों को गुजरे सप्ताह तीन दिन तक धरने पर न बैठना पड़ता। आपको तफसील से समूची बात बताता हूं। गए बुधवार की शाम उस वक्त अचानक सनसनी फैल गई, जब ओलंपियन विनेश फोगाट का बयान वायरल हो चला कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष तरह-तरह के अनाचार के अलावा महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के साथ यौन प्रताड़ना भी करते आए हैं। विनेश कोई राह चलती बाला नहीं हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीत देश का नाम रोशन किया है। उनके साथ साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया भी खासे मुखर थे। घिनौने आरोप की जद में आए महासंघ के अध्यक्ष कौन साहब हैं? यह हैं स्वनामधन्य बृजभूषण शरण सिंह।




बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी के टिकट से लोकसभा में चुनकर आए हैं। वह कुलजमा छह बार चुनाव जीते हैं। माननीय सांसद पर लगे इन आरोपों से खलबली मचनी थी, सो मची। उसी समय यह बात फिर उभरी कि माननीय पर कई आपराधिक मुकदमे चल चुके हैं और 1990 के दशक में वह 'टाडा' के तहत जेल में भी रहे थे। उन पर दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों को नेपाल भागने के लिए 'सेफ पैसेज' मुहैया कराने का आरोप था, जो अदालत में साबित नहीं हो सका था। वह एक पहलवान को सरेमंच पीट भी चुके हैं।

सांसद महोदय ने विनेश फोगाट के आरोपों के खंडन में पल भर की देरी न की। उनका कहना था- 'मैं खिलाड़ियों से बात करूंगा। मैं किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हूं। यौन उत्पीड़न कभी नहीं हुआ। अगर एक भी एथलीट सामने आया और यह साबित कर दिया, तो मैं खुद फांसी पर लटकने के लिए तैयार हूं। न खिलाड़ी ट्रायल देंगे, न नेशनल लेवल पर लड़ेंगे। दिक्कत तब होती है, जब फेडरेशन नियम बनाता है। ये खिलाड़ी, जो आज धरने पर बैठे हैं, उनमें से एक ने भी नेशनल नहीं लड़ा है।

बृजभूषण शरण सिंह ने बाद में यह भी कहा कि मैं यहां किसी की दया से नहीं बैठा हूं। मैंने अगर मुंह खोला, तो सुनामी आ जाएगी। माननीय सांसद जब गोंडा में यह दंभ दिखा रहे थे, तब दिल्ली में पहलवानों के समर्थन में सुनामी आ रही थी। इस बीच खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की अगुवाई में सरकारी नुमाइंदों ने हल खोजने की कड़ी मशक्कत की। ठाकुर ने अधिकारियों, खिलाड़ियों और संबंधित लोगों से अथक मैराथन बैठकें कीं। अंत में पहलवान 'सात सदस्यीय जांच समिति' के गठन के फैसले पर राजी हो गए। यह समिति शारीरिक शोषण, आर्थिक और प्रशासनिक अनियमितताओं के साथ सभी शिकायती मुद्दों पर जांच कर चार सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। इस दौरान कुश्ती महासंघ का प्रशासन भी यही समिति देखेगी। तब तक बृजभूषण शरण सिंह खुद को महासंघ के कामकाज से दूर रखेंगे। इसे आप उनकी विदाई की पटकथा का प्रारंभिक अध्याय भी मान सकते हैं।

तय है, मामला फौरी तौर पर सुलझ गया है, मगर स्थिति जटिल है। पेरिस ओलंपिक में सिर्फ डेढ़ साल रह बचा है। वहां भारत को अपने पहलवानों से पदक जिताने की उम्मीद है। हिन्दुस्तान के ये जांबाज अब तक सात ओलंपिक पदक देश के खाते में जमा कर चुके हैं। आजादी के 75 वर्षों में हमने जो 35 ओलंपिक पदक जीते हैं, उनमें हॉकी के बाद कुश्ती की सर्वाधिक हिस्सेदारी है।

बताने की जरूरत नहीं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के हर खिलाड़ी का एक-एक लम्हा बेहद महत्वपूर्ण होता है। पहलवानों की इस क्षति की भरपायी कैसे होगी? इन हालात के साथ भारत भला कैसे खेल महाशक्ति बन सकता है?

दरअसल, इस साल की शुरुआत ही खेलों के लिए दुखद खबरों के साथ हुई थी। वर्ष के पहले दिन हरियाणा के खेल मंत्री और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान संदीप सिंह पर चंडीगढ़ पुलिस ने एक महिला कोच की शिकायत के मद्देनजर यौन प्रताड़ना और डराने-धमकाने के आरोप दर्ज किए थे। संदीप को इसके बाद इस्तीफा देना पड़ गया था। कुल 18 दिनों में यह दूसरा मौका था, जब ऐसे अफसोसनाक आरोपों से हम दो-चार हो रहे थे। इस वाकये से साबित होता है कि राजनेता और नौकरशाहों के साथ खिलाड़ी भी खिलाड़ियों का शोषण करने के मामले में पीछे नहीं हैं।

आप याद करें, ओलंपियन भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ने भी कुछ ऐसी ही परिस्थितियों का जिक्र करते हुए चिंता जताई थी। इसके बाद कोच रमेश मल्होत्रा को निलंबित कर दिया गया था और उनका नाम द्रोणाचार्य अवॉर्ड की प्रस्तावित सूची से भी वापस ले लिया गया था। यहां एक दुखद तथ्य की ओर भी आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा। देश में कुलजमा 56 मान्यता प्राप्त खेल महासंघों में से 47 फीसदी के मुखिया राजनेता हैं, लेकिन सारी बला राजनेताओं के सिर डाल देना उचित नहीं। संदीप सिंह और रमेश मल्होत्रा जैसों की सूची लंबी है, पर दुर्भाग्य देखिए। कुछ लोग तो इससे भी दो कदम आगे बढ़ गए। दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहलवान सुशील कुमार आज हत्या के जुर्म में सलाखों के पीछे हैं। क्रिकेटर, राजनीतिज्ञ, हंसोड़ और न जाने क्या-क्या, नवजोत सिंह सिद्धू भी गैर-इरादतन हत्या के मामले में सजा काट रहे हैं।

# सेनानी करो प्रयाण अभय सारा आकाश तुम्हारा है

मुरली गुडंन्ना

चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में बसा कर्नाटक का दूसरा बड़ा शहर है मैसूर (मैसुरु)। अपने समृद्ध इतिहास, आकर्षक भौगोलिक स्थिति और वास्तु-शिल्प के नायाब नमूनों के कारण सदियों से पर्यटकों को अपनी ओर खींचता रहा है। इसी शहर में यू सुधा और जीएस गुंडन्ना के घर आज से 30 साल पहले मुरली पैदा हुए। माता-पिता, दोनों कामकाजी थे, इसलिए मुरली की परवरिश एक बेहतर परिवेश और तमाम तरह की सुविधाओं के बीच हुई। शहर के सिद्धार्थनगर स्थित जेएसएस पब्लिक स्कूल से 12वीं तक की शिक्षा हासिल करने के बाद साल 2010 में मुरली का अगला पड़ाव मैसूर का एनआईई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बना, जहां से 2014 में उन्होंने कंप्यूटर साइंस में स्नातक की डिग्री हासिल की। वह एक बहुमुखी प्रतिभा वाले छात्र रहे। मुरली ने सिर्फ इंजीनियरिंग की किताबों और परीक्षाओं तक खुद को महदूद नहीं रखा, जिंदगी की पाठशाला उन्हें फुटबॉल के मैदान और रंगमंच तक ले गई। वह हर फन के माहिर साबित हुए। इसकी तस्दीक इन ब्योरों से की जा सकती है कि कॉलेज की फुटबॉल टीम के वह कप्तान बनाए गए, तो देश भर में 100 से भी अधिक जगहों पर उन्होंने रंगमंच पर अपनी प्रस्तुतियां दी हैं।

कॉलेज जीवन में विभिन्न तरह के आयोजनों की जिम्मेदारियां संभालते हुए ही मुरली के भीतर एक उद्यमी का जन्म हो गया था। उनके मन में अपने तईं कुछ करने के सपने तभी से पलने लगे थे। स्नातक की डिग्री के साथ उनके हाथ में एक प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह का नियुक्ति-पत्र था। कंपनी ने मुरली को बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर जुड़ने का न्योता दिया था, हालांकि इंटरव्यू के वक्त उन्होंने प्रबंधन से गुजारिश की थी कि उन्हें मार्केटिंग विभाग के साथ काम करते हुए ज्यादा खुशी होगी। मगर संस्थान की अपनी जरूरतें थीं। मुरली को बेल्लारी स्टील प्लांट में नियुक्ति मिली।

बेल्लारी में काम करते हुए मुरली को थिएटर और अपनी दूसरी गतिविधियों की कमी खलने लगी थी। कभी-कभी उन्हें लगता, मैं यह सब तो नहीं करना चाहता था! इसी बीच उन्हें तीन महीने के लिए बेंगलुरु लौटकर एक 'टेक्नोलॉजी इवेंट' के लिए काम करने का अवसर मिला। यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन था। इसे कामयाब बनाने के लिए मुरली ने खूब मेहनत की। आयोजन संपन्न होने के बाद मुरली बेल्लारी जब अपने कार्यालय में पहुंचे, तो एक ई-मेल उनका इंतजार कर रहा था। मेल पढ़कर वह हैरान रह गए। यह



विभागीय खत उनसे कह रहा था- 'आपकी पदोन्नति की जा रही है और आगे की सेवा के लिए आपको सेल्स एवं मार्केटिंग डिविजन से संबद्ध किया जा रहा है। कृपया शीघ्र बेंगलुरु पहुंचें।' यकीनन, यह मन के मुफीद हुआ था। मुरली बेंगलुरु आ गए। मार्केटिंग विभाग के आला अधिकारियों से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला, लेकिन बेंगलुरु लौटने के बावजूद मुरली को थिएटर के लिए वक्त नहीं मिल पा रहा था, और महानगर की यातायात व्यवस्था भी उनमें एक ऊब पैदा करने लगी थी।

मन ऊहापोह में डूबा था। धुंध जब कुछ छंटी, तो एक दिन मुरली अपने मैनेजर के पास पहुंच गए और बगैर किसी लाग-लपेट के कहा- सर, मैं थिएटर को बहुत 'मिस' करता हूं, इसलिए नौकरी छोड़ रहा हूं! जाहिर है, एक दूरदर्शी पदाधिकारी किसी होनहार और संभावनाओं से भरे कर्मचारी को कभी गंवाना नहीं चाहता। उदार बॉस ने कहा- मुरली, कंपनी आपका इस्तीफा स्वीकार करने से पहले आपको तीन महीने का सवैतनिक अवकाश दे रही है। इस अवधि में आपका जो भी दिल करता है, कीजिए, और उसके बाद ही आखिरी निर्णय सुनाइए। अगले ही दिन मुरली मैसूर लौट आए थे। ऐसा महसूस हो रहा था, जैसे कोई उनसे कह रहा हो- 'सेनानी करो प्रयाण अभय... सारा आकाश तुम्हारा है।' यह अगस्त 2015 का वाकया है। उस पूरे महीने मुरली ने कई नाटकों में भाग लिया। उसके बाद उन्होंने 'मैसुरू मैसूर' नाम से एक फेसबुक अभियान चलाया। यह अभियान खूब वायरल हुआ, मगर मुरली को आय का एक ठोस जरिया चाहिए था।

तीन माह का वक्त खत्म होने को था। मुरली अपनी दादी, मां और परिवार की अन्य महिला रिश्तेदारों के हाथ के जायके से बखूबी परिचित थे। उनके दिमाग में एक आइडिया आया, मगर मां केंद्र सरकार की मुलाजिम थीं, इसलिए उनसे वह कुछ कह नहीं सकते थे, इसलिए दादी इंदिराम्मा और दो अन्य महिला रिश्तेदारों से दिल की बात कही और वे तीनों हुलसकर मुरली के साथ आ खड़ी हुईं। मुरली ने सबसे पहले ऐसे लोगों की सूची बनाई, जो उनके खैरख्वाह थे। यह सूची 80 लोगों की थी। इनमें थिएटर, मीडिया, आईटी कंपनी और स्कूल-कॉलेज के दिनों के दोस्त शामिल थे।

एक शुक्रवार उन्होंने पुलाव, खीर और तमाम व्यंजन बनवाए, उन्हें पैक किया और इन 80 लोगों के घर-घर पहुंच पैकेट थमाते हुए कहा- मैं यह काम शुरू करने जा रहा हूं, आपको सही लगे, तो ऑर्डर कर मदद कीजिएगा। 3 दिसंबर, 2015 को घर के छोटे-से कोने से शुरू हुआ 'फूड बॉक्स' उद्यम और उसके सीईओ मुरली गुंडन्ना अब परिचय के मोहताज नहीं हैं। मैसूर के चामुंडीपुरम में उनका एक शानदार 'आउटलेट' है। इन्फोसिस के मुखिया नारायणमूर्ति जब भी मैसूर में होते हैं, फूड बॉक्स से ही उनका भोजन आता है। 25 कर्मियों और 40,000 स्थायी ग्राहकों के साथ गुंडन्ना का ऑनलाइन फूड कारोबार आज डेढ़ करोड़ रुपये सालाना की कमाई कर रहा है। मुरली गुंडन्ना की फिल्म गिफ्ट बॉक्स 2020 में आई है। वह एक लाजवाब जिंदगी जी रहे हैं, जिसमें किफायती दर पर लोगों को भोजन कराने का सुख तो है ही, एक सफल उद्यमी बनने के साथ-साथ रंगमंच और फिल्मों में अभिनय का आत्मिक सुख भी है।

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

# बहुत उड़ते हैं विमान खूब कोलाहल लिए

मार्सेल दसो

इंसानों का शुरू से ही आसमान में उड़ने का बहुत मन करता है। आज से चार सौ साल से भी पहले यूरोप में विलियम शेक्सपियर लिख रहे थे, मेरी आत्मा हवा में है... गरुण की उड़ान भरती हुई, निडर और आगे, पीछे कोई मार्ग न छोड़ती हुई। और ठीक उसी समय भारत में भक्त कवि तुलसीदास श्रीरामचरितमानस में लिख रहे थे, चलत बिमान कोलाहल होई। जय रघुबीर कहइ सबु कोई॥ सिंहासन अति उच्च मनोहर। श्री समेत प्रभु बैठे ता पर॥ संभवत उन्हें पता था कि एक दिन विमान उड़ेगा और खूब कोलाहल होगा। मन में भय की सृष्टि भी होगी और तब जय रघुबीर, जय-जय राम उद्घोष करना पड़ेगा।

उसके तीन सौ साल बाद इंसानों ने जब सचमुच विमान उड़ाना शुरू किया, तब भी खूब कोलाहल हुआ, आज भी होता है। खैर, 1909 में पेरिस स्थित ऐतिहासिक एफिल टावर के पास से होते हुए एक विमान गुजरा था। तब सुंदरतम शहर पेरिस के बगीचों, मैदानों और घरों पर गुलाबी धूप खिली हुई थी। सब लोग बाहर निकले हुए थे, सबने देखा, उस 17 वर्षीय स्कूली छात्र ने भी देखा, कोई चीज उड़ती चली आ रही है। वह कोई विशाल पक्षी नहीं है, कोई यंत्र है विशाल, जो शोर करता उड़ा आ रहा है। दृश्य अकल्पनीय और ऐसा अद्भुत था कि पलकें झपकना भूल गईं। बस एकटक नजरों में वह विमान सजा रहा। ऐसा लगता था कि दो आयताकार छप्पर या छतें, ऊपर नीचे, परस्पर लोहे, लकड़ी या प्लास्टिक की पाइपों से जुड़ी हैं। एक इंसान चालक बीच में बैठा है। फर्श और छत के चारों ओर से जोड़ने वाली दीवारें नहीं हैं। अजीब सी चीज है, लेकिन समान ऊंचाई पर उड़ती चली आ रही है। मन में असीम आनंद का ज्वार आ गया और शरीर के रोम-रोम हर्षित मुद्रा में आकाश की ओर बेताब हो उठे। यह भी लग रहा था कि वह विमान कहीं एफिल टावर से न टकरा जाए, पर जब वह पास आया, तब दिखा कि वह टावर से भी ऊपर है। शायद विमान को भी चिंता थी कि कहीं टावर आड़े न आ जाए। ऐसा नजारा न कभी दिखा था, न उम्मीद थी। उम्मीद के पार से वह उड़ता आया था, पक्षियों के गर्व को जवाब देता हुआ कि देखो, इंसान भी अब उड़ सकता है।

उड़ती हुई वह मशीन झलक दिखाकर चली गई, लेकिन उस लड़के के मन में मानो हमेशा के लिए बस गई। यह क्या था, क्यों था, कैसे था? सवाल उमड़ने लगे। पता चला, फ्रांस के एक नागरिक चार्ल्स द लेंबर्ट विमान उड़ा रहे थे, उन्होंने विल्बर राइट से विमान चलाना सीखा था और विल्बर से ही दो विमान खरीदा था। चार्ल्स द लेंबर्ट फ्रांस या यूरोप के पहले इंसान थे, जिन्होंने साल 1908 में विमान उड़ाना शुरू किया था। फिर क्या था, लड़के ने विमानन के बारे में एक-एक शब्द की सूचनाएं भी जुटानी शुरू कर दी और उसके दिमाग में आधुनिक विमानों का खाका खिंचने लगा। क्या विमान और सुंदर दिख सकता है? क्या उसमें बैठने वाला ज्यादा सुरक्षित हो सकता है? क्या विमान चालक खुले में बैठने से बच सकता है? उसने विमानन की हरसंभव पढ़ाई पर ध्यान लगा दिया और जब प्रथम विश्व युद्ध छिड़ा, तब विमानन तकनीक में फ्रांसीसी वायु सेना की मदद को मजबूर हुआ। युद्ध के दुष्प्रभाव ने मुश्किल में डाल दिया। वह यहूदी था, तो नाजियों के हाथों बमुश्किल जिंदगी बची। वह भूमि और कारों के व्यवसाय में लग गया। हालांकि, तब भी जब वह आंखें बंद करता था, तो एफिल टावर के आकाश में उड़ता वही विमान खूबसूरती से खिल आता था। मन बेचैन हो जाता था, पर फिर नाजियों के हाथों दमन के दर्द उभर आते थे। फिर एक दिन आया, शाम का वक्त था, 'सेंट लुईस की आत्मा' नाम का एक विमान बॉर्गेट हवाई अड्डे पर करीब से दिखा। इस बार विमान में केवल छत बची थी, जैसे पंख हो और उसके नीचे उससे जुड़ी हुई पक्षी या मछली की आकृति, मतलब विमान का लंबा शरीर। एक वाहन, जिसमें अंदर इंसान बैठ सकता था। यह देख वह खुद को रोक न सका, उसने सोच लिया कि अब नागरिक विमान बनाने के लिए काम करना होगा। विमान का उपयोग सिर्फ युद्ध के लिए ही क्यों हो, लोगों को इससे आने-जाने की सुविधा भी मिलनी चाहिए। तब इंजीनियर ने अपना नाम बदलकर मार्सेल दसो कर लिया और कंपनी का नाम रखा दसो एविएशन। कंपनी ने कमाल के विमान बनाने शुरू किए। एक से एक खूबसूरत और मजबूत। 22 जनवरी को जन्मे मार्सेल दसो (1892-1986) की कंपनी सौ से ज्यादा प्रकार के 10,000 से ज्यादा विमान 90 से ज्यादा देशों को दे चुकी है। राफेलविमान भी उन्हीं की कंपनी ने भारत को दिए हैं, यह विमान भी जब सैर को निकलता है, तब खूब कोलाहल होता है और दुश्मनों के दिल दहल जाते हैं।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

## दुल्हन सज्जा में 39 छात्राओं ने लिया भाग, मंतशा ने स्पर्धा में जीती बाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में वार्षिक प्रतियोगिताओं का दो दिवसीय आयोजन किया गया। कोविंड-19 के कारण इस तरह की प्रतियोगितायें बहुत अंतराल के बाद रखी गई, जिससे छात्राओं में बेहद उत्साह दिखाई दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह की विभिन्न प्रतियोगिता रखने से छात्राओं के व्यक्तित्व एवं कौशल का उन्नयन होता है।



संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि तात्कालिक भाषण के अतिरिक्त पूजा थाली सज्जा, मेंहदी, बेस्ट ऑफवेस्ट, केश सज्जा, दुल्हन सज्जा स्पर्धायें रखी गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी दर्ज हुई। भाषण प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम- प्रेरणा शर्मा, द्वितीय- काव्यशिखा, तृतीय- नीतू कुमारी रहीं। पूजा थाली सज्जा में 40 छात्राओं ने भागीदारी दिखाई प्रथम-प्रज्ञा कौशिक, द्वितीय - उमा साहू एवं तीसरे स्थान पर अंजली सिंह रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में 63 छात्राओं में से प्रथम लीना देवांगन, द्वितीय अलीशा तथा तृतीय स्थान सुचिता बारसागड़े ने पाया। बेस्ट ऑफवेस्ट में 34 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें- प्रथम स्थान पर दो छात्रायें- कु. किरण वर्मा एवं किरण सोनबेर, द्वितीय- ऊषा एवं तृतीय स्थान प्रगति निषाद और सांत्वना महक परवीन ने प्राप्त किया। दुल्हन सज्जा में इस बार 39 छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुये कु. मंतशा ने स्पर्धा में बाजी जीती वहीं द्वितीय स्थान पर कु. श्रुति जैन एवं तृतीय ईषिका विश्वास रहीं। इन प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज, डॉ. मंजूलता साव ने किया। अतिथि एवं जनभागदारी प्राध्यापकों का भरपूर योगदान रहा।

## ग्राम पंचायत मोफलनार में जन संवाद-समाधान शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** अपराधों की रोकथाम एवं आसामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही ग्रामीण स्तर की मूलभूत समस्याओं से रूबरू होने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं आशारानी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, बारसूर के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस एवं प्रशासन की टीम द्वारा गीदम ब्लॉक के संवेदनशील ग्राम पंचायत मोफलनार में संवाद एवं समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी।

जन संवाद एवं समाधान शिविर में निरीक्षक सलीम खाखा, थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक कल्याण सोनवानी व थाना स्टॉफ तथा राजस्व विभाग की ओर से संतोष ध्रुर्वे, तहसीलदार गीदम तथा कृषि विभाग की ओर से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अशोक नेताम की संयुक्त टीम ग्राम पंचायत मोफलनार पहुँचकर ग्राम मोफलनार के ग्रामीणों से मिलकर गांव की वर्तमान परिस्थितियों सहित मूलभूत समस्याओं, बिजली, पेयजल, राशनकार्ड, आधार कार्ड, वृद्वावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, स्कूल-आंगनबाड़ी आदि की जानकारी ली गई। पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी गीदम सलीम खाखा एवं उप निरीक्षक कल्याण सोनवानी द्वारा वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधों, ऑनलाईन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम की जानकारी देकर इन अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। सुरक्षित यातायात हेतु वाहन चालन के दौरान ओव्हर स्पीड से बचने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु समझाईश दी गई। इसी प्रकार अपराधों से दूर रहने, किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लेने, कानून का पालन करने तथा गांव में आने वाले बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों व उनके गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस व प्रशासन को दिये जाने हेतु जागरूक की गई तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को समझाईश दी गई। संवाद एवं समाधान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को तहसीलदार गीदम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं राजस्व से संबंधित शासकीय प्रावधानों को अवगत कराकर उनका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया तथा जमीन बंटवारा, ऋण पुस्तिका, नामांतरण आदि प्रकरणों की समीक्षा की गई। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मोफलनार वासियों को नलकूप खनन एवं पंप स्थापना कार्य में शासन की ओर से मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने व रागी, कोदो, कुटकी, कोसरा आदि की खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त फसल हेतु उन्हें शासन की ओर से निशुल्क बीज, खाद एवं खेतों की जुताई सुविधा उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान से भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया ।

## खास खबर

### प्रभारी सेलजा की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**रायपुर।** कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सेलजा, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। पहली बैठक कांग्रेस के 85 वें अधिवेशन की तैयारियों और आयोजन के लिये एआईसीसी के निर्देश पर विभिन्न कमेटियों के गठन के लिये व्यापक चर्चा की गयी। राष्ट्रीय अधिवेशन के लिये कुल 17 कमेटियां बनाई जायेगी। आवास समिति, परिवहन समिति, चिकित्सा समिति, भोजन समिति, प्रचार समिति, साज-सज्जा समिति, पंडाल समिति, आम सभा समिति, स्मारिका समिति, प्रदर्शनी समिति, सेवादल वालेंटियर्स, कोआर्डिनेशन कमेटी, मंच प्रबंधन समिति, मीडिया सेंटर, इसके अलावा उप समितियां भी आवश्यकतानुसार बनाई जायेगी। इसके साथ ही 26 जनवरी से शुरू होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों की भी व्यापक समीक्षा की गयी। निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का व्यापक प्रचार-प्रसार हर घर तक किया जायेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों के पोस्टर, पाम्पलेट, राज्य सरकार की योजनाओं की प्रचार सामग्री हर घर में कांग्रेस के निशान का स्टीकर तथा राहुल गांधी के भाषणों और यात्रा को एलईडी के माध्यम से गांव-गांव तक दिखाया जायेगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री अमरजीत भगत, राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, सांसद फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट गार्डन में बिखरे खुशियों के रंग

## छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति की मोहक झांकी से सुज्जित पेंटिंग ने किया मुग्ध

### बच्चों ने दीवारों एवं पेड़ों पर उकेरे खुबसूरत चित्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** उस वक्त खुशियों के रंग बिखरे जब कलेक्टोरेट गार्डन में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों ने दीवारों एवं पेड़ों पर खुबसूरत चित्र उकेरे। छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति की मोहक झांकी की पेंटिंग ने सभी को मुग्ध किया। कलेक्टर डोमन सिंह की पहल पर कलेक्टोरेट गार्डन का सौंदर्यीकरण एवं साज-सज्जा की गई है। इस कड़ी में आज यहां स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों ने भी यहां पेंटिंग की। बच्चों ने विविध थीम पर आधारित चित्रकारी की।



कहीं छत्तीसगढ़ी संस्कृति सुआ, करमा, पोला, तीजा, व्यंजन, नृत्य, गिल्ली डंडा चित्रित किया तो कही जनजातीय संस्कृति, पर्यावरण, सरंक्षण, प्रकृति एवं वृक्ष के संरक्षण के दृश्यों ने अभिभूत किया।

दिग्विजय कॉलेज के बच्चों ने दिग्विजय कॉलेज की पेंटिंग बनाई साथ ही पक्षी संरक्षण, ब्लू ब्रिगेड बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित चित्रों ने मन मोह लिया।

कलेक्टोरेट गार्डन में सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, एनबीआईएस बोरी, दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, कान्फ्लूऐस कॉलेज राजनांदगांव, कमला देवी राठी महिला स्नातक महाविद्यालय राजनांदगांव, महंत राजा बलराम दास शासकीय उच्चतर हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव, मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ दिलीप कुर्रे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट गार्डन का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया गया। फव्वारा के साथ ही रंग-रोगन कर गार्डन को नया स्वरूप प्रदान किया गया। विविध प्रजाति के पौधे यहां रोपित किए गए हैं। जनसामान्य में प्रकृति के प्रति जागरूकता लाने के लिए संदेश दिया गया है। कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों को यहां विश्राम करने के लिए एक अच्छी जगह मिली है।

मेरा दफ्तर - मेरा घर अभियान के तहत आज जिले भर के शासकीय कार्यालय में व्यापक तौर पर साफ-सफाई की गई। सफाई अभियान अंतर्गत सभी कार्यालयों में रिकार्ड व्यवस्थित रखा गया। आज कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत, नगर निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, आबकारी कार्यालय, जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय, जिला कोषालय, जनसंपर्क कार्यालय, कार्यपालन अभियंता विद्युत, आदिम जाति विभाग, जिला परिवहन कार्यालय, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पंजीयक कार्यालय, पीएमजीएसवाई कार्यालय, वन विभाग कार्यालय, समस्त एसडीएम कार्यालय, जिले भर के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

## अमलोर के हाईस्कूल में बनेगा अतिरिक्त कक्ष, संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत अमलोर के हाईस्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने हाईस्कूल में साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।

ग्राम पंचायत अमलोर में पिछले दिनों हाईस्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, थनवार यादव, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, रमाकांत ध्रुव, दिलीप जैन, केशव चौधरी, सरपंच रूपा जयप्रकाश यादव, कुंवर सिंह निषाद मौजूद थे।

पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने हाईस्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण होने से बच्चों को सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों की तर्ज पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का फैसला लिया गया है।

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में महासमुंद के बाद अब तुमगांव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला जाएगा। इसी तरह बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर राइड कराने का फैसला लिया गया है। जिससे अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रोत्साहित हो सकेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप जयप्रकाश यादव, हरकराम ध्रुव, मीराबाई खैरवार, कृष्ण कुमार ध्रुव, सुमित्रा बाई ध्रुव, गीता बाई ध्रुव, रामखिलावन निषाद, ललिता निषाद, ईश्वरी निषाद, सदाराम निषाद, किसलाल ध्रुव, कमल ध्रुव सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। ग्राम पंचायत अमलोर में निषाद समाज के लिए दस लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। यहां आयोजित भक्त गुहा निषाद जयंती कार्यक्रम के दौरान सामाजिक पदाधिकारियों की मांग पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने भवन निर्माण के लिए दस लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।

## दीपका हाई स्कूल की छात्रा अंजली गौड़ का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** इंस्पायर अवार्ड मानक की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2021-22 दुर्ग छ ग.में 18 व 19 जनवरी आयोजित की गई। इसमें शा् उच्च माध्यण् विद्यालय दीपका से मॉडल प्रदर्शिनी में कुण् अंजली गौड़ ने भाग लिया। उसने सेफ एंड स्मार्ट बाइसाइकिल मॉडल प्रदर्शित किया।

अंजलि का मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ है। मॉडल के विशेषताओं ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सायकल से बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रख कर अंजली ने कुछ नया करने का परिचय देते हुए एक ऐसा सायकल बनाया है जो अपने आपमें बेजोड़ है। मॉडल को अभिषेक सिंह राजपूत व्यावण् शिक्षक इलेक्ट्रॉनिक एवं श्री उमेश कुमार साहू व्यावण् शिक्षक के निर्देश में बनाया गया जिसका मार्गदर्शन श्रीमती उषा कूटार, श्रीमती आशालता कौशिक, श्रीमती मीनल मिश्रा मैडम जी ने किया जिसमे सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पूरे शाला परिवार का रहा। विद्यालय का नाम ऊँचा कर सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है। स्कूल शिक्षा समिति के सदस्य अनिरुद्ध सिंह ,गया प्रसाद चंद्रा,वृन्दा चौहान, राम कुमार कँवर छात्रा अंजली के मॉडल को छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### सफाई में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 61 बेस्ट परफार्मिंग वर्कर्स हुए सम्मानित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 कार्यालय में जोन अध्यक्ष घनष्याम छत्री पार्षद सुश्री कमलेष्वरी वर्मा, सुनील चंद्राकर ने कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वच्छ भारत मिषन के नोडल अधिकारी जोन 8 पी.डी. घृतलहरे, सहायक अभियंता ईष्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जोन 8 के 61 बेस्ट परफार्मिंग वकर्स, बेस्ट गवर्नमेंट ऑफिस सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोटा ब्रॉच, बेस्ट बीडब्ल्यूजी मारूति लाईफस्टाइल, सफाई वाहन चालकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र प्रदत्त कर सम्मानित किया गया।









# रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में युवाओं और परंपरागत शिल्पकारों को मिल रहा है रोजगारः भूपेश बघेल

## गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 8 करोड़ 03 लाख रुपए की राशि का अंतरण

### रीपा में स्थानीय युवकों की मंशा के अनुरूप उद्योग स्थापित किए जाएं

### गोधन न्याय योजना से प्रारंभ से गोबर विक्रताओं को अब तक 201 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौठानों में विकसित किए जा रहे 'रूरल इंडस्ट्रियल पार्क' में स्थानीय युवकों की मंशा के अनुसार उद्योग स्थापित किए जाएं, इससे युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी, यह भी ध्यान रखा जाए कि तैयार किए जा रहे उत्पादों की बाजार में अच्छी डिमांड हो। उन्होंने कहा कि गौठानों में ऐसे उद्योग स्थापित हो रहे है, जिनसे प्रदूषण नहीं होता। युवाओं और परंपरागत शिल्पकारों को इसमें रोजगार मिल रहा है। श्री बघेल ने प्रदेश में धान की अच्छी पैदावार और धान के समर्थन मूल्य पर बड़े पैमाने पर विक्रय के लिए किसानों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 8 करोड़ 03 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नए-नए रिकार्ड बन रहे हैं। अब तक 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हो चुकी है, 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य भी पर हो जाएगा। गोधन न्याय योजना में गोबर विक्रेताओं को योजना के प्रारम्भ से लेकर आज दी गई 60 वीं किश्त को मिलाकर 201 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री बघेल ने 1 जनवरी से 15 जनवरी तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.13 लाख क्विंटल गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 27 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को 2.23 करोड़ रुपए और महिला समूहों के खाते में 01 करोड़ 53 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 20 जुलाई 2020 से गोधन योजना की शुरुआत हुई। योजना में 2 रुपए प्रति किलो की दर से अब तक 100.86 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई। गोबर विक्रेताओं को अब तक किया गया 201.72 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 175.64 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को अब तक 395.35 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस पखवाड़े भी स्वावलंबी गौठनों ने गोबर खरीदी में अधिक राशि दी। इस बार भी 1 से 15 जनवरी 2023 पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठनों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.27 करोड़ रुपए की राशि में से 2.52 करोड़ रुपए का भुगतान 4690 स्वावलंबी गौठानों ने अपने संसाधनों से और 1.75 करोड़ रूपए का भुगतान कृषि विभाग द्वारा किया गया। स्वावलंबी गौठनों द्वारा अब तक 37.71 करोड़ रुपए के गोबर की खरीदी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के साथ साथ गोबर से बिजली और प्राकृतिक पेंट तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में रायपुर में 2, दुर्ग और कांकेर जिले में 01-01 प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट में उत्पादन शुरू हो रहा है। अब तक 9709 लीटर उत्पादित प्राकृतिक पेंट में से 4854 लीटर की बिक्री से 11 लाख 19 हजार 903 रुपए की आमदनी हुई। गौठनों में अब तक 4 रुपए लीटर में खरीदे गए 1 लाख 20 हजार 171 लीटर गौमूत्र से बनाए गये कीटनाशक ब्रम्हास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत की बिक्री से महिला स्व सहायता समूहों को हुई 23.98 लाख रूपए की आय हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरा दान की अपील पर किसानों ने गौठनों में किया 15.68 लाख क्विंटल पैरा दान किया। उन्होंने इसके लिए किसानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोबर से अब तक 27 लाख क्विंटल से अधिक कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया। गोधन न्याय योजना से 3 लाख 98 हजार से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं। राज्य में स्वीकृत 10 हजार 921 गौठनों में से 9596 गौठान निर्मित हो चुके हैं। गौठनों में आय मूलक गतिविधियों से महिला स्व-सहायता समूह को अच्छा लाभ हो रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिला समूहों ने आयमूलक गतिविधियों से अब तक 105.18 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है। गौठनों में 11 हजार 477 महिला स्व-सहायता समूहों की 1 लाख 31 हजार 898 महिलाएं कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, कृषि उत्पादन अयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि विभाग के संचालक डॉ. अयाज तंबोली, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अवनीश शरण, संचालक पशुधन चंदन संजय त्रिपाठी, कृषि विभाग के उप सचिव तुलिका प्रजापति भी उपस्थित थीं।

## रायपुर में 24 फरवरी से शुरू हो रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में दस हजार से ज्यादा नेता होंगे शामिल



**रायपुर (ए)।** कांग्रेस के 24 से 26 फरवरी तक राजधानी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए रायपुर में टेंट सिटी बसाई जाएगी। सम्मेलन में दस हजार से ज्यादा नेता शामिल होंगे। देशभर के करीब चार हजार नेताओं के ठहरने के लिए नवा रायपुर में कांग्रेस संगठन की तरफ से टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। नवा रायपुर के राज्योत्सव मेला मैदान में टेंट सिटी बसाई जाएगी, जिसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा नवा रायपुर पहुंचे।


### मेफेयर रिसोर्ट में ठहरेंगे राष्ट्रीय नेता

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के ठहरने का इंतजाम नवा रायपुर के मेफेयर रिसोर्ट में किया गया है। इसमें कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस वर्किंग कमेटी के नेता शामिल हैं। मेफेयर रिसोर्ट मेला मैदान से दो किलोमीटर की दूरी पर है और यहां सभी तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस पार्टी का महाधिवेशन छत्तीसगढ़ में होने जा रहा है, यह बहुत खुशी की बात है। अधिवेशन में 10 हजार से ज्यादा लोगों का आना एक ऐतिहासिक क्षण होगा। पार्टी पदाधिकारी यहां से कांग्रेस पार्टी की मजबूती का संदेश लेकर जाएंगे। छत्तीसगढ़ को मेजबानी का मौका मिला है। सफल मेजबानी के लिए सब मिलकर काम करेंगे। हमारी सरकार को प्रदेश में चार साल हो गए हैं। इस बात पर गर्व होता है कि छत्तीसगढ़ की योजनाएं देशभर के लिए मिसाल बनी हैं।

सैलजा ने कहा कि भाजपा का गुजरात माडल खोखला हो गया है। सैलजा के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री शिव डहरिया, रामगोपाल अग्रवाल, गिरीश देवांगन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी तैयारियों का जायजा लिया। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं के ठहरने के लिए रायपुर के होटलों को बुक कराया जा रहा है। अलग-अलग प्रदेश से आने वाले प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के लिए टेंट सिटी तैयार की जा रही है।

## मैच खत्म होने के बाद जाम में फंसे दर्शक, गाड़ियों की लगी लंबी लाइन



**रायपुर (ए)।** रायपुर के शहीद वीरनारायण क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। यह मैच महज पांच घंटे में खत्म हो गया। जीत की खुशी के बाद दर्शक मैदान से निकले लेकिन उनकी यह खुशी ज्यादा समय तक नहीं रही। क्योंकि राजधानी और आसपास के हजारों दर्शक तीन घंटे से अधिक समय तक जाम में फंसे रहे। पहले तो दर्शकों ढाई किमी दूर पार्किंग से गाड़ी निकालने में जूझना पड़ा और फिर रास्ते में आए तो दो किमी से अधिक लंबी कतार में कार, एसयूवी और बाइक मानो रेंगते चल रहे थे। इस दौरान धुल, धुएं की परेशानी अलग थी। अच्छा रहा कि मैच जल्द खत्म हो गया वरना सारी रात गाड़ी घसीटने में ही गुजर जाती।

## रायपुर में आयोजित तीसरे रोजगार मेले में 116 उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र

**रायपुर (ए)।** रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित तीसरे रोजगार मेले में 116 नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। रायपुर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रायपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद, सुनील सोनी ने 25 उम्मीदवारों को और रायपुर स्थित भारत सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने 91 नवनियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र



प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वीर बिरसा एक्का, मुख्य आयकर आयुक्त, रायपुर के अलावा विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस असवर पर नवनियुक्त उम्मीदवारों को बधाई देते हुए सांसद सुनील सोनी ने आकर्षक कर्मयोगी बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार युवाओं को बेहतर अवसर और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सुनील सोनी और वीर बिरसा एक्का द्वारा दीप प्रज्जवलन कर तीसरे रोजगार मेले का शुभारम्भ किया गया। अंत में एस.के.मीणा, आयकर आयुक्त, रायपुर द्वारा धन्यवाद और आभार प्रदर्शन किया गया।

## प्रदेश में अब 26 जनवरी को स्कूलों में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में अब 26 जनवरी पर स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बता दे कि पहले राज्य सरकार ने कोरोना के मद्देनजर ये फैसला लिया था कि राज्य और जिलास्तर पर स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं कि जायेगा। लेकिन प्रदेश में कोरोना के खत्म होते प्रभाव को देखते हुए ये निर्देश दिया गया है कि जिला और राज्य स्तर पर स्कूली बच्चों का कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा सकेगा। इस संदर्भ में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कमिश्नर, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को निर्देश जारी कर दिया है। आपको बता दें कि इससे पहले 11 जनवरी को राज्य सरकार ने 26 जनवरी के आयोजन के संदर्भ में जो निर्देश जारी किया था उसमें स्पष्ट उल्लेख था कि इस साल कोविड 19 तथा कोविड वेरिएंट के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली बच्चों का कार्यक्रम व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। इस निर्देश को अब राज्य सरकार ने बदल दिया है।

# जन हितैषी योजनाओं का छत्तीसगढ़ के लोगों को मिल रहा लाभ

## धनवंतरी मेडिकल स्टोर, स्वामी आत्मानंद स्कूल और एमएमयू वाहन को मौकै पर देखा पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने

### मंत्री डॉ डहरिया ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने रायपुर के मेकाहारा परिसर स्थित नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित धनवंतरी जैनरीक मेडिकल दवा दुकान और स्वामी आत्मानंद स्कूल और मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के एमएमयू वाहन को मौके पर देखा। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने इस दौरान धनवंतरी दवा दुकानों में मिल रहे एकदम सस्ती दवाओं, शहीद स्मारक स्वामी आत्मानंद स्कूल में उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के इंतजाम और एमएमयू वाहनों के माध्यम से मोहल्ले में जाकर मरीजों के इलाज की बेहतरीन व्यवस्था के बारे में बिस्तार से बताया। नागरिक सुविधाओं के लिए इस तरह की व्यवस्था देखकर पूर्व केंद्रीय मंत्री कु. शैलजा ने छत्तीसगढ़ सरकार की जन हितैषी योजनाओं की सराहना की।

डॉ डहरिया आज सुबह करीब साढ़े दस बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री कु. शैलजा के साथ मेकाहारा अस्पताल परिसर स्थित प्रदेश शासन के द्वारा लोगों को सस्ती दवाएं देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे धनवंतरी मेडिकल दवा दुकान दिखाने पहुंचे थे। यहां दवा लेने आए तीरथ राम और उनकी पत्नी से कु. शैलजा ने चर्चा की। तीरथ राम और उनकी पत्नी ने बताया कि वे जशपुर से मेकाहारा में ईलाज कराने आए हैं। बाहर के मेडिकल दुकानों में दवाएं बहुत महंगी मिलती हैं। वहीं यहां धनवंतरी मेडिकल में दवाएं बहुत ही सस्ती दर पर मिल जाती हैं कि इतना तो उन्होंने सोचा भी नहीं था। यहां दवा लेने आए देवेन्द्र नगर निवासी भरत डागा ने बताया कि वे मूलतः राजस्थान के रहने वाले और 3 सालों से यहां रहते हैं। इतनी सस्ती दवा यहां इस धन्वंतरि जेनेरिक दवा दुकानों पर मिल रही है। इससे उन्हें



काफी राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि वे इलाज कहीं भी कराएं पर दवाएं व धनवंतरी मेडिकल से खरीदते हैं। इसके बाद मंत्री डॉ डहरिया ने कुमारी शैलजा को शहीद स्मारक स्वामी आत्मानंद स्कूल का अवलोकन कराया स्कूल में छात्र छात्राओं से भी उन्होंने चर्चा की। एक छात्रा से उन्होंने पूछा स्कूल कितनी दूर से आती हो और किस वाहन से। छात्रा ने जवाब दिया कि वह 4 किमी दूर से मोपेड से आती है। तब कु. शैलजा ने पूछा कि हेलमेट पहनती हो कि नहीं। हेलमेट नहीं पहनने की जानकारी पाकर छात्रा को उन्होंने हेलमेट पहनने की समझाइश दी। इसके बाद उन्होंने स्कूल में प्रेक्टिकल रूम को देखा, यहां बारहवीं कक्षा के छात्र प्रेक्टिकल कर रहे थे। एक के बाद एक दो छात्रों से उन्होंने पूछा कि आगे का क्या प्लान है। दोनों छात्रों ने साफ्टवेयर इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। कु. शैलजा ने सरकारी स्कूल के छात्रों के पढ़ाई के लिए बेहतरीन व्यवस्था देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई। इसके बाद उन्होंने बैरन बाजार में मेडिकल मोबाइल यूनिट एम एम यू वाहन का निरीक्षण किया। यहां महापौर नगर पालिक निगम रायपुर के एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे भी मौजूद थे। एम एम यू वाहन में इलाज कराने आए मरीजों की लंबी कतार मौजूद थी। जब उन्होंने जाना कि वाहन में चिकित्सक नर्सिंग और पैरामेडिकल के सहित मौजूद रहता और मरीजों की जांच परीक्षण के बाद दवाएं भी मुफ्त में प्रदान की जाती है इसकी उन्होंने सराहना की। उन्होंने इन सभी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेहतरीन नागरिक सुविधाएं दी जा रही हैं। इस दौरान नगर निगम के आयुक्त श्रीमयक चतुर्वेदी, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जोन क्रमांक 2 के जोन कमिश्नर विनोद देवांगन, जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर विनय मिश्रा, सहित सहायक स्वाथ्य अधिकारी डा तृप्ति पाणिग्रही तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## अनिल कपूर ने शेयर किया द नाइट मैनेजर में काम का अनुभव

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज द नाइट मैनेजर में एक शक्तिशाली व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें कलाकारों के ग्रुप के साथ काम करना पसंद है। प्रोजेक्ट पर काम करते हुए उन्हें सबसे ज्यादा क्या पसंद है, इस सवाल पर एक्टर कहते है: जब आप किसी शो में इतने लंबे समय तक काम कर रहे होते हैं, तो आप निश्चित रूप से बहुत सारी यादें बनाते हैं और बहुत सारे रिश्ते बनाते हैं। हमने बहुत सारे भावनात्मक क्षण साझा किए है। मुझे कास्ट और क्रू, आदित्य, सोभिता, संदीप, प्रियंका, सास्वता चटर्जी, तिलोत्तमा शोम और बेन जैस्पर के साथ काम करने में बहुत मजा आया। उन्होंने आगे कहा: हर कोई शानदार है! जब आप कहानी में एक साल से अधिक समय बिताते हैं तो बहुत सारे मजेदार और भावनात्मक क्षण होते है। इस दौरान गुस्सा भी होता है, कभी निराशा भी होती है और कभी-कभी हंसी-मजाक भी होता। कुल मिलाकर यह एक बहुत ही समृद्ध और रचनात्मक रूप से संतोषजनक अनुभव था। द इंक फैक्ट्री और बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, संदीप मोदी द्वारा निर्मित और निर्देशित और प्रियंका घोष द्वारा सह-निर्देशित, द नाइट मैनेजर एक हाई-ऑक्टेन थ्रिलर है। इसमें आदित्य रॉय कपूर भी हैं। सीरीज जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दस्तक देगी।

## ताहिर राज भसीन ये काली काली आंखें सीजन 2 के लिए शूटिंग जल्द करेंगे शुरु

अभिनेता ताहिर राज भसीन की वेबसीरीज ये काली काली आंखें (वाईकेकेए) को एक साल पूरा हो चुका है। जल्द ही वह इसके दूसरे सीजन की शूटिंग करेंगे। ये काली काली आंखें सिद्धार्थ सेनगुप्ता द्वारा निर्देशित नेटफ्लिक्स पर रोमांटिक क्राइम थ्रिलर स्ट्रीमिंग वेबसीरीज है। सीरीज में ताहिर राज भसीन, श्वेता त्रिपाठी और आंचल सिंह मुख्य किरदारों में हैं, जबकि सौरभ शुक्ला, सूर्या शर्मा, अरुणोदय सिंह और बृजेंद्र काला सपोर्टिंग रोल में हैं। अपने हिट सीरीज की पहली एनिवर्सरी पर, ताहिर ने कहा: ये काली काली आंखें एक बहुत ही खास शो है।

सीरीज की लोकप्रियता ने हम सभी को प्रभावित किया है। सीरीज के लिए दर्शकों का प्यार और मुझे मिली आलोचनात्मक प्रशंसा वास्तव में मेरे लिए 2022 की सबसे अच्छी याद रही है। आज शो को एक साल पूरा हो गया है और मैं बेहद रोमांचित हूं। उन्होंने कहा: हर किसी की तरह, हम भी एक टीम के रूप में वाईकेकेए के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारी टीम पहले सीजन की तरह ही रोमांच और मनोरंजन सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रही है। हम इस साल शूटिंग करने वाले हैं और मुझे उम्मीद है कि इसे उसी जोश, उत्साह और प्रशंसा के साथ प्राप्त किया जाएगा जैसा पहले वाले ने किया था।


## कंगना रनौत ने पूरी की इमरजेंसी की शूटिंग

कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल पर आधारित इस फिल्म में कई दिग्गज सितारे नजर आएंगे। फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। अभिनय के साथ ही वह फिल्म का निर्देशन भी कर रही हैं। कंगना ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा भावुक पोस्ट शेयर किया है। अपने पोस्ट में कंगना ने खुलासा किया कि इमरजेंसी को बनाने के लिए उन्होंने अपनी सारी संपत्ति गिरवी रख दी है। कंगना ने लिखा, ऐसा लगता है कि यह बहुत सहज था, लेकिन सच्चाई इससे काफी दूर है। इसके लिए मैंने अपनी सारी संपत्ति गिरवी रख दी। पहले शेड्यूल के दौरान मुझे डेंगू हो गया था और मैंने बेहद कम ब्लड सेल्स काउंट के साथ शूटिंग पूरी की। व्यक्ति के तौर पर मेरा खूब इम्तिहान हुआ है। कंगना का कहना है कि सोशल मीडिया पर वह फिल्म के बारे में अकसर शेयर करती थीं, लेकिन उन्होंने इन सबके बारे में कभी कुछ नहीं लिखा। वही नहीं चाहती थीं कि जो लोग उनकी परवाह करते हैं, वे परेशान हों। वह यह भी नहीं चाहती थीं कि जो लोग उन्हें नीचे गिराना चाहते हैं और लगातार उसकी कोशिश करते रहते हैं, उन्हें उनकी तकलीफों से आनंद मिले। उन्होंने प्रशंसकों को निश्चिंत किया कि अब वह ठीक हैं।

## अभिनेता उमर शरीफ ने कुत्ते में काम करने को लेकर की बात

मॉडल और अभिनेता उमर शरीफ ने कुत्ते में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभिनेता ने अपनी भूमिका के बारे में बात की और सह-अभिनेताओं के साथ अपने काम के अनुभव को साझा किया। अपनी बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मैं जावेद मुफ्ती का किरदार निभा रहा हूं जो बंदूक बनाने वाला है। उसके 2 बड़े भाई हैं और जो गोलीबारी में फंस गए हैं, जिसके कारण उन्हें पुलिस ने पकड़ लिया है, लेकिन कैद से बचने के लिए वे उनकी रिहाई के लिए वस्तु विनिमय के रूप में 4 करोड़ रुपये की एटीएम कैश वैन लूटने की योजना बनाई ताकि वो उसको छोड़ दें। उनका बड़ा ब्रेक 2013 में अनुभवी निर्देशक सईद मिर्जा के साथ ये है इंडिया मेरी जान के रूप में आया।

2014 में उमर ने अपनी पहली फीचर फिल्म खामोशियां साइन की। उसके बाद से उनका सफर प्यार का दर्द, इश्क किल्स जैसे शो और सावधान इंडिया और गुमराह जैसे एपिसोड करने के साथ अपना काम जारी रहा। उन्होंने रंगमंच से अपना जुड़ाव जारी रखा।



# कंप्यूटर विजन सिंड्रोमः ये है इसके कारण, लक्षण और इलाज

आजकल युवाओं में आखों में रुखेपन की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। इसका प्रमुख कारण कंप्यूटर विजन सिंड्रोम है और यह डिजिटल एक्सपोजर के कारण होता है। इससे हमारी आंखों पर दबाव पड़ता है और समय रहते इस पर ध्यान न देने से यह गंभीर रोगों का कारण बन सकता है। विश्व स्तर पर सीवीएस लगभग 60 लाख लोगों को प्रभावित करता है। आइए आज सीवीएस के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में जानते हैं।

### सीवीएस आंखों को कैसे प्रभावित करता है?

सीवीएस को डिजिटल आई स्ट्रेन के रूप में भी जाना जाता है और यह समस्या डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करते समय पलकें कम झपकने के कारण होती है। पलकों के कम झपकने से आंखों में नमी बनाए रखने का काम करने वाली ऑइल ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित होती है। इसके परिणामस्वरूप आंखों में रूखापन बढ़ने लगता है। इसके अतिरिक्त इससे आंखों का तनाव बढ़ता है और आंखों की रोशनी भी प्रभावित होने लगती है।

### क्या है सीवीएस के प्रमुख कारण?

कम रोशनी वाली जगह पर लंबे समय तक डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करने या स्क्रीन के बहुत नजदीक रहने से इस सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है। डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करते समय शारीरिक स्थिति सही न होना, बिना ब्रेक के लगातार स्क्रीन को देखते रहना और एंटी ग्लेयर चश्मा न लगाना भी इस समस्या के कारण हैं। इसी तरह बढ़ती उम्र भी सीवीएस के खतरे के लिए जिम्मेदार हो सकती है।

### क्या हैं सीवीएस के प्रमुख लक्षण?

आंखों में धुंधलापन आना या डबल चीजें दिखाई देना, आंखों में थकान और जलन महसूस होना सीवीएस के मुख्य लक्षण हैं। इसके अलावा आंखों का रूखापन, आंखों में लालिमा और पानी आना, सिरदर्द, पीठ या गर्दन में दर्द होना भी इस समस्या के आम लक्षण हैं। अगर आप इनमें से किसी भी समस्या का अनुभव कर रहे हैं तो आपको किसी अच्छे आंखों के डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### सीवीएस का इलाज और बचाव के उपाय

चिकित्सकों के अनुसार, सीवीएस से बचने के लिए चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करने के साथ स्क्रीन टाइम कम करना चाहिए। इसी तरह कंप्यूटर, फोन और टैबलेट स्क्रीन पर एंटी-ग्लेयर स्क्रीन फिल्टर या मैट स्क्रीन फिल्टर लगानी चाहिए। डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करते समय हर दो घंटे के बाद लगभग 15 मिनट के लिए ब्रेक भी आवश्यक है। स्क्रीन के पास ह्यूमिडिफायर रखें और समय-समय पर आंखों की जांच करवाएं। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

# आंखों का तनाव दूर करने के लिए अपनाए जा सकते हैं ये 5 तरीके



लंबे समय तक लैपटॉप पर काम करने या फिर डिजिटल गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल करने से आंखों में तनाव हो सकता है। कई शोध के मुताबिक, अधिकतर लोग स्क्रीन टाइम के दौरान पलकें कम झपकाते हैं और इससे आंखों में रुखापन उत्पन्न होता है। यही तनाव का कारण बनता है। इससे आंखों में थकावट और दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि आंखों को तनाव से कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है।

### पर्याप्त रोशनी में बैठकर करें काम

यदि आपके कमरे की रोशनी बहुत तेज या कम है तो इससे आंखों पर जोर पड़ सकता है और यह तनाव के साथ सिरदर्द का कारण बन सकता है। ऐसे में कमरे की लाइट्स को सही ढंग से व्यवस्थित करें ताकि आंखें बिना ज्यादा मेहनत किए लैपटॉप या अन्य डिजिटल गैजेट्स की स्क्रीन को आसानी से देख सकें। वहीं पढ़ते समय अपनी डेस्क पर लाइट लैंप रखना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### ज्यादा से ज्यादा पलकें झपकाएं

कई शोध के मुताबिक, एक व्यक्ति डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल करते समय अपनी पलकें सामान्य रूप से केवल एक-तिहाई बार ही झपकाता है। पलकें कम झपकाने से आंखों में सूखापन, जलन, रोशनी कम होना, बेचैनी और एकाग्रता में कमी हो सकती है। नतीजतन, यह आंखों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। बेहतर होगा कि किसी भी डिजिटल गैजेट का इस्तेमाल करते समय बार-बार पलकें झपकात रहें।

### 20-20-20 एक्सरसाइज करें

टीवी या लैपटॉप स्क्रीन पर लगातार देखने से आंखों में तनाव और दर्द होने की संभावना बढ़ जाती हैं। दरअसल, इन गैजेट्स की स्क्रीन से आंखों की मांसपेशियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे आंखों में दर्द होने लगता है। ऐसे में इनका इस्तेमाल करते समय हर 20 मिनट के बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर रखी किसी वस्तु को देखें। इससे आंखें हमेशा स्वस्थ रहेंगी।

### ब्लू लाइट से बचें

फोन और लैपटॉप से हानिकारक ब्लू लाइट निकलती है, जिसे आंखों के लिए फिल्टर करना मुश्किल होता है। लंबे समय तक इस लाइट के संपर्क में रहने से आंखों में खिंचाव, तनाव और सिरदर्द हो सकता है और नींद पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में इस लाइट से सुरक्षित रहने के लिए अपने गैजेट्स पर एंटी-ग्लेयर स्क्रीन लगाएं।

### डिजिटली डिटॉक्स का तरीका अपनाएं

डिजिटली डिटॉक्स से मतलब है कि स्क्रीन से बाहर आकर वास्तविक दुनिया का आनंद लें। उदाहरण के लिए अगर रविवार को ऑफिस की छुट्टी है तो कोशिश करें कि आप अपने परिवार के साथ बिताएं और फोन, लैपटॉप और टीवी से दूरी बनाए रखें। इसके अलावा जब भी ऑफिस से घर आएं तो कम से कम एक घंटे के लिए फोन बंद कर दें। इससे आपकी आंखें काफी हद तक तनाव मुक्त रह सकेंगी।

# मैं लगन नाम से पहली बार पूरा एल्बम ला रही हूंः ध्वनि भानुशाली

लोकप्रिय गायिका ध्वनि भानुशाली ने कहा कि वह पहली बार संगीत प्रेमियों के लिए एक संपूर्ण एल्बम लाने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक लगन की प्रशंसा करेंगे। ध्वनि को बद्रीनाथ की दुल्हनिया के हमसफर एकॉस्टिक, वीरे दी वेडिंग के वीरे और वेलकम टू न्यूयॉर्क फिल्म के इश्तेहार जैसे गानों के लिए जाना जाता है। उन्होंने दिलबर गाने के लिए नेहा कक्कड़ के साथ भी काम किया और इशारे तेरे के लिए गुरु रंधावा के साथ काम किया।

ध्वनि अपने एल्बम को एक प्रोजेक्ट मानती हैं। उन्होंने कहा- एल्बम मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसमें प्यार की बात है। मेरे करीबी लोगों ने मुझे इसके साथ आगे आने के लिए प्रेरित किया है। यह पहली बार है, जब मैं अपने दर्शकों के लिए एक पूरा एल्बम ला रही हूं। मुझे उम्मीद है कि वे हमेशा की तरह इस खास एल्बम को अपना प्यार और समर्थन देंगे। यह एल्बम प्यार और जुड़ाव के बारे में है और इसमें ध्वनि भानुशाली द्वारा गाए गए पांच ट्रैक शामिल हैं, जिसमें अभिजीत वघानी ने दो गाने और ऐश किंग ने एक गाना गाया है। लगन के गीत श्लोके लाल ने लिखे हैं और अभिजीत



वघानी ने कंपोज किया है। यह एल्बम जल्द ही हिट्ज म्यूजिक पर रिलीज किया जाएगा।

# रेड स्टाइलिश ड्रेस में याशिका आनंद के स्टनिंग पोज ने उड़ाए फैंस के होश




तमिल फिल्मों की अभिनेत्री याशिका आन्नंद हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें से सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आन्नंद ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं जिसमें उनका हॉट अंदाज फैंस के बीच धमाल मचा रहा है। एक्ट्रेस आए दिन अपने ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। एक्ट्रेस याशिका आन्नंद हमेशा अपनी हॉट एंड सेक्सी तस्वीरों से फैंस को मदहोश कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस याशिका आन्नंद ने अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस याशिका आन्नंद ने रेड कलर का बेहद ही स्टाइलिश प्रोफेशनल लुक में आउटफिट कैरी किया है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के अभिनेत्री याशिका आन्नंद ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना थाई स्लिट ड्रेस में टोंड लैग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस याशिका आन्नंद इंटरनेट सेंसेशन हैं और एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से वायरल होने लगती हैं। याशिका आन्नंद जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है और याशिका कहीं पर भी जाती हैं तो लोगों की निगाहें उन पर टिकी रह जाती हैं।

## टॉन्सिल की बीमारी टॉन्सिलाइटिस क्या है?

# ये है इसकी वजह, लक्षण और इलाज

टॉन्सिल गले का एक अहम हिस्सा होते हैं, जो मुंह में प्रवेश करने वाले बैक्टीरिया और वायरस को रोकने का काम करते हैं। जब टॉन्सिल बैक्टीरिया या वायरस से संक्रमित हो जाते हैं तो वह बढ़ने लगते हैं और उनमें सूजन आ जाती है। यह दिक्कत (टॉन्सिलाइटिस) छोटे बच्चों से लेकर किशोरावस्था के बच्चों में ज्यादा होती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में भी दिक्कत होती है। आइए आज टॉन्सिलाइटिस के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### टॉन्सिलाइटिस के लक्षण क्या हैं?

टॉन्सिलाइटिस के शुरुआती लक्षणों में गले में खराश, खाना निगलने में परेशानी या दर्द, आवाज में बदलाव, बुखार और गर्दन में अकड़न आदि शामिल हैं। इसके अलावा कुछ लोग पेट, कान और सिर में हल्के दर्द का भी अनुभव करते हैं क्योंकि इसकी वजह से गर्दन में लिम्फ नोड्स बढ़ जाते हैं। यदि आपको ये लक्षण सर्दी के समान लगते हैं तो इसका कारण यह है कि टॉन्सिलाइटिस अक्सर सर्दी के कारण भी हो जाता है।

### टॉन्सिलाइटिस होने का क्या कारण है?

टॉन्सिलाइटिस होने के पीछे का कारण सामान्य जुकाम या इन्फ्लुएंजा (फ्लू) वायरस हो सकता है। इसके अलावा टॉन्सिलाइटिस होने का कारण ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस नामक बैक्टीरिया समूह भी है। इसके बाद स्टेफिललोकोकस ऑरियस और मायकोप्लाज्मा निमोनिया भी टॉन्सिलाइटिस होने के कारण हैं। बहुत ज्यादा ठंडा खाने या पीने (आइसक्रीम या कोल्ड ड्रिंक) से और रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से भी यह दिक्कत हो सकती है।

### टॉन्सिलाइटिस के जोखिम को कम करने के लिए क्या करें?

टॉन्सिलाइटिस को पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन इसके जोखिम को कम करने के लिए आप नीचे लिखी कुछ चीजें कर सकते हैं।

■टॉन्सिलाइटिस को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका छींकने या खांसने के बाद हाथ धोना है।

■मुंह के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

■किसी तरह का संक्रमण होने के बाद टूथब्रश को बदल लें।

■भोजन, पानी पीने का गिलास या पानी की बोतल अन्य लोगों से साझा करने से बचें।

### टॉन्सिलाइटिस के लिए घरेलू इलाज क्या हैं?

कुछ घरेलू नुस्खे आजमाकर टॉन्सिलाइटिस से राहत पाई जा सकती है। सबसे पहले गले के दर्द को कम करने के लिए गरारे और गुनगुने पानी से कुल्ला करें। चाय या कॉफी जैसे गरम पेय का सेवन करें। इससे आपकी बेचैनी कम होगी। इसके अलावा गले में खराश वाली जगह पर बर्फ लगाएं। यह सूजन के इलाज में प्रभावी हो सकती है। यदि हवा ड्राई है तो ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें। यह गले की खराश से राहत दिलाने में मदद करेगा।

### क्या है टॉन्सिलाइटिस का इलाज?

टॉन्सिलाइटिस का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि संक्रमण वायरल है या बैक्टीरियल। कभी-कभी सर्दी-जुखाम अपने आप ठीक हो जाता है, वैसे ही टॉन्सिलाइटिस के कई मामले भी अपने आप ही ठीक हो जाते हैं। कुछ मामलों में भरपूर आराम, शरीर में सही हाइड्रेशन और दर्द के लिए दवाएं जैसी देखभाल भी मददगार हो सकती है। इसके अलावा क्रोनिक टॉन्सिल संक्रमण के मामले में डॉक्टर टॉन्सिल्लेक्टोमी करने का सुझाव भी दे सकते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 47 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बना

**बीजापुर।** जिले के भोपालपटनम तहसील में परिवहन विभाग बीजापुर के द्वारा विद्यार्थियों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवहन सहायक अधिकारी केएल माहोर की पहल पर उन्होंने शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसमें ब्लॉक के आमजन एवं युवाओं ने सभी कागजात के साथ शिविर में पहुंचकर अपने लाइसेंस बनाने में उत्साह दिखाई जिसमें 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के उम्र वालों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। नेट की व्यवधान के चलते आज 47 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बना कर वितरण किया गया। इस हेतु स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य एन राजेश ने परिवहन विभाग को सहयोग प्रदान किया। साथ ही परिवहन विभाग के स्टाफ के कर्मचारी शिवेंद्र कुमार त्रिपाठी सहायक ग्रेड 02 डाटा एंट्री ऑपरेटर मनीष तामडी जालंधर यादव का योगदान रहा।

### राष्ट्र व समाज के हित में आज सिंधी समाज का नेतृत्व करेगा गंभीर मंथन

**रायपुर।** पूज झूलेलाल सिंधी पंचायत सड्डू रायपुर द्वारा अमर शहीद हेमू कालाणी के 80वें षहादत दिवस के अवसर पर रविवार, 22 जनवरी को सड्डू सब्जी बाजार के सामने प्ले होम स्कूल के सभा हाल में प्रातः 11.30 बजे एक परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा में देष व समाज के हित में सिन्धी समाज की संभावित भूमिका पर गंभीर मंथन किया जाएगा। सिंधी समाज के राश्ट्रीय, प्रांतीय व स्थानीय स्तर पर गठित विभिन्न संगठनों के रायपुर निवासी अनेक नेताओं को परिचर्चा में आमंत्रित किया गया है। परिचर्चा की अध्यक्षता देष के षकराचार्यों व अन्य महान संतों के सहयोग से भारत को पुनः विष्वगुरु बनाने की मुहिम चला रहे सिंधी समुदाय के वरिष्ठ विचारक संत, स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीष पूज्यपाद साईं जलकुमार मसन्द साहिब करेंगे। परिचर्चा के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त छश्रीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष राम गिंडलाणी रहेंगे। परिचर्चा के अन्य वक्ता रहेंगे छश्रीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्री अमित जीवन, अखिल भारतीय सिन्धु सभा की युवा षाखा के राश्ट्रीय अध्यक्ष चेतन तारवाणी, सिन्धु सभा के प्रदेष महासचिव सतीष छुगाणी, विष्व सिन्धु सेवा संगम के स्थानीय अध्यक्ष डी. आर. वाधवानी, देष के विभिन्न नगरों में सेवाकार्य कर रही सिंधी समाज के महिलाओ की संस्था सुहिणी सोच की संस्थापक मनीशा तारवाणी एवं कांग्रेस पार्टी के युवा तुर्क प्रवक्ता अजय गंगवाणी आदि उपस्थित थे।

# 15 हजार तिलापिया मछलियां तैर रही हैं पथरिया के बायोफ्लॉक सिस्टम में

- बायोफ्लॉक सिस्टम की शुरूआत कर पथरिया (डोमा) बना न्यू ब्लू रिवॉल्यूशन का हिस्सा
- कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग प्राप्त प्रशिक्षक ने दी है बायोफ्लॉक सिस्टम की ट्रेनिंग
- ग्राम संगठन की दीदियों को 4 क्विंटल मछली से 6 महीने में होगी साढ़े तीन लाख की शुद्ध कमाई
- बर्ड नेट, डिसोल्व ऑक्सीजन, फ्रेश वाटर, सॉल्ट वाटर, टेस्टिंग किट व टीडीएस मीटर से सुसज्जित है बॉयो फ्लॉक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत पथरिया में जिला प्रशासन, मत्स्य पालन के विस्तार के लिए बायोफ्लॉक सिस्टम द्वारा नवाचार कर रहा है। 15 हजार तिलापिया मछलियों के बीज से इसकी शुरुआत पथरिया के महिला ग्राम संगठन की 10 दीदियों द्वारा की गई है। जिसमें निषाद वर्ग से 7 महिलाएं कार्य कर रहीं हैं।**

पथरिया (डोमा) के गौठान में मछली पालन के लिए 7 लाख 50 हजार की लागत से बायोफ्लॉक का इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में 7 टंकियां बनाई गई हैं व 50 हजार की अतिरिक्त राशि चारे (प्रोबायोटिक) व अन्य उपकरणों में खर्च की गई है।

कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग प्राप्त प्रशिक्षक ने दी है ट्रेनिंग- मतस्य विभाग की उपसंचालक श्रीमती सुधा दास ने बताया कि विभाग द्वारा ग्राम संगठन कार्यकर्ताओं को बायोफ्लॉक से संबंधित इंट्रेक्टिव ट्रेनिंग देने के लिए लोकल स्तर पर संबंधित कार्य करने वालों से संपर्क साधा गया। जिसमें कुम्हारी की सुश्री वंदना सुरेन्द्र को प्रशिक्षण के लिए चुना गया। सुश्री वंदना सुरेंद्र कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग ले चुकी हैं और कुम्हारी में स्वयं का बायोफ्लॉक का स्टार्टअप कर रही हैं। ग्राम संगठन की दसों महिलाओं को इंट्रेक्टिव तरीके से एक दिन का लाईव सेशन कराया गया है। उन्हें बायोफ्लॉक से संबंधित अपडेट निरंतर मिले इसके लिए उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें समय-समय पर उन्हें विडियो और संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं।

मछलियों के लिए बोरी का मार्केट तैयार- पथरिया में बोरी को नवीन तहसील का दर्जा दिए जाने के बाद



यहां का स्थानीय मार्केट खपत के दृष्टिकोण से एक बड़े मार्केट के रूप में तब्दील हो चुका है। इसके साथ-साथ गांव में भी और नजदीकी हाट बाजारों में भी मछली की बिक्री की जा सकेगी।

04 क्विंटल मछली से साढ़े तीन लाख की शुद्ध कमाई 6 महीने में- बायोफ्लॉक की 7 टंकियों का निर्माण कराया गया है। जिसमें कुल 15 हजार मछलियों के बीज डाले गए हैं। प्रत्येक मछली लगभग 500 ग्राम से लेकर 1 किलोग्राम वजन के लिए बढ़ाई जाएगी। अनुमानित आंकड़ा लगभग 4 क्विंटल के करीब है। जिससे शुध्द कमाई का आंकड़ा लगभग साढ़े तीन लाख होने की उम्मीद है।

बर्ड नेट, डिसोल्व ऑक्सीजन, फ्रेश वाटर, सॉल्ट वाटर, टेस्टिंग किट व टीडीएस मीटर से सुसज्जित है बॉयोफ्लॉक- पथरिया के बॉयोफ्लॉक टैंक सिस्टम को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए इसमें विभिन्न प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं। क्योंकि मछलियां पानी के अंदर समान्यतः डिसोल्व ऑक्सीजन को ग्रहण करती हैं, इसलिए डिसोल्व ऑक्सीजन टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई हैं। ताकि दीदियां समय-समय पर पानी में ऑक्सीजन की स्थिति पता लगाकर वस्तु स्थिति अनुरूप निर्णय ले सकें और ज्यादा से ज्यादा फिश ग्रोथ हासिल कर सकें। इसके अलावा टैंक के अंदर मछलियों को सुरक्षित रखने के लिए बर्ड नेट भी लगाए गए हैं। ताकि पक्षी मछलियों को अपना चारा न बना सकें। फ्रेश वाटर, साल्ट वाटर, टेस्टिंग किट, टी.डी.एस. मीटर, वाटर पंप, पी.एच. मीटर, टेम्परेचर मीटर, सोलर पैनल और बैटरी बैकअप सिस्टम इत्यादि भी बायोफ्लॉक टैंक के लिए उपलब्ध है।

सहजीविता बायोफ्लॉक की सबसे बड़ी विशेषता- फिशरी इंस्पेक्टर धमधा की सुश्री स्वीटी सिंह ने बायोफ्लॉक सिस्टम के संबंध में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि सहजीविता इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

जिसमें जलीय जीव और परपोषी बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीव आपस में सहजीवी प्रक्रिया द्वारा एक इकोसिस्टम तैयार करते हैं। परपोषी बैक्टीरिया मछली के वेस्ट प्रोडक्ट को अपना आहार बनाते हैं और आगे चलकर हाई प्रोटीन में तब्दील होकर मछलियों का चारा बनते हैं। इस तरीके की पुनरावृत्ति से एक साइकिल निर्मित होती है जिससे पानी साफ रहता है, मछली बीमार नहीं पड़ती और एक ही स्थान पर परपोषी बैक्टीरिया और मछली दोनों को अपना आहार मिल जाता है। यही कारण है कि बायोफ्लॉक सिस्टम जैव सुरक्षा व इको फ्रेंडली सिस्टम दोनों का समर्थन करता है।

मतस्य विभाग की उप संचालक श्रीमती सुधा दास ने बताया कि कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले में बायोफ्लॉक जैसे नवीनतम जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग को अपनाया जा रहा है ताकि कम मार्जिन वाले मत्स्य पालक को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि बायोफ्लॉक सिस्टम द्वारा शुरुआती इन्वेस्टमेंट व मॉनिटरिंग सिस्टम से 50 से 70 प्रतिशत तक इस व्यवसाय को कॉस्ट इफेक्टिव बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मछली पालन को खेती का दर्जा मिलने से मछलीपालन के लिए सुविधाओं में जहां वृद्धि हुई है वहीं इस व्यवसाय से कई महिला स्व सहायता समूह इस व्यवसाय से जूड़ रही हैं।

### चन्ना केशवलू बने बीएसपी ठेका प्रकोष्ठ के संयोजक

# ठेका श्रमिकों की हर समस्या और उसके समाधान के लिए जारी रहेगा संघर्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज से महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 में हुई। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न संगठनों के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उनके पदाधिकारी तथा सदस्यगणों हिस्सा लिया।**

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठनों और उनके श्रमिकों की समस्याओं को लेकर जो सरकार के पास लंबित है उसका कोई निराकरण नहीं हो रहा है उसे लेकर 22 फरवरी को प्रदेश स्तर पर महा धरना दिया जाएगा। इस संबंध में संगठनों के महा मंत्रियों को




आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

भिलाई इस्पात मजदूर संघ द्वारा भिलाई के कर्मचारियों के अधूरे वेज रिवीजन तथा ट्रांसफर हुए कर्मचारियों की वापसी के संदर्भ में प्रदेश के सामने अपनी बात रखी गई जिस पर प्रदेश कार्यकारिणी ने संज्ञान लेते हुए सेंट्रल बीएमएस के पदाधिकारियों के साथ बैठकर इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। आज भिलाई इस्पात मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चन्ना कशवलू को भिलाई स्टील प्लांट के ठेका प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया है। इस अवसर पर चन्ना केशवलू ने प्रदेश कार्यकारिणी को आश्वस्त किया है की नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका श्रमिकों की हर समस्या और उसके समाधान के लिए मैं और मेरी टीम लगातार संघर्ष करती रहेगी।

आज के कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला संगठन मंत्री योगेश्वर दत्त मिश्रा प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष भोलाराम तथा प्रदेश महामंत्री नरोत्तम घृतलहरें ने संबोधित किया। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष आई पी मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष चन्ना केशवलू महामंत्री रवि शंकर सिंह तथा समस्त कार्यकारिणी ने इस कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली ।

# 26 को मांस - मटन विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में दिनांक 26 जनवरी 2023 गुरुवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।**

इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिनांक 26 जनवरी 2023 गुरूवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26 जनवरी 2023 गुरुवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। दिनांक 26 जनवरी 2023 गुरूवार को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, समस्त जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मटन बाजारों में लगातार सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

# दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मचांदुर में देवांगन समाज के 50 कांग्रेस में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम मंचादुर के देवांगन समाज के 50 से ज्यादा महिला पुरुष ने कांग्रेस प्रवेश किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के रीति नीति व किसान, सामाजिक हितैषी कार्यो से प्रभावित होकर सभी ने कांग्रेस की सदस्यता ली है। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पीसीसी महामंत्री जितेंद्र साहू के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला कांग्रेस कमेटी चाँदखान के नेतृत्व में 50 से ज्यादा महिला व पुरुषों ने किया कांग्रेस प्रवेश किया है।**



इस अवसर मंत्री श्री साहू ने सभी को पुष्प गुच्छ कांग्रेस का गमछा भेंट कर स्वागत किया और सभी को मिठाई खिलाकर सब को मुहं मीठा कराया।

मंत्री श्री साहू ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में आप सभी का स्वागत है, आप सभी के जुड़ने से समाजिक शक्ति एवं छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने हेतु नए विचार कांग्रेस पार्टी को नई मज़बूती प्रदान करेंगे।

देवांगन समाज के अध्यक्ष मन्नू लाल देवांगन एवं खोरबहरा राम देवांगन ने बताया कि वो पूर्व में भाजपा पार्टी में थे लेकिन वर्तमान में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के रीति नीति, किसान, सामाजिक हितैषी कार्यो से प्रभावित होकर हम सब कांग्रेस में प्रवेश कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शलानी रिवेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, जामवंत गजपाल, सरपंच दिलीप साहू उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने वालों में तिलक देवांगन, सुंदर देवांगन, धन सिंह देवांगन, शत्रुघ्न देवांगन, पवन कुमार देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, तरुण देवांगन, हरीश देवांगन, चुके राम देवांगन, रामखेलावन देवांगन, ऋषि देवांगन, बाबू लाल देवांगन, गिरधर, गोपाल, निरंजन, जयप्रकाश, मनोज कुमार, दीपक, चेतराम, ललित देवांगन, दिलीप कुमार, महेंद्र कुमार, रामस्वरूप, तारनी, लक्ष्मी, अश्वनी, कलिंदरी, चंद्रिका, नोहर लाल देवांगन, खोरबाहरा राम देवांगन, मन्नू लाल देवांगन, शैल देवांगन, फुलेश्वरी, झाड़ू लाल देवांगन हैं।

# कलेक्टर एवं एसपी ने सुदूर क्षेत्र तिमेनार, एटेपाल में विकास कार्यों का जायजा लिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने भैरमगढ़ ब्लाक के सुदुर क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया सहित विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। अतिसंवेदनशील क्षेत्र तिमेनार, एटेपाल, बेचापाल में पहुंचकर सड़क निर्माण की जानकारी ली। वहीं तिमेनार गांव के स्कूल भवन शेड में संचालित हो रही है ।

कलेक्टर एवं एसपी ने स्कूली बच्चों को विषय आधारित पाठ पढाया। वहीं एसपी ने स्थानीय बोली में पाठ पढ़ाते हुए बच्चों का हाल-चाल जाना कलेक्टर श्री कटारा ने शिक्षक गणेश मंडावी से भी पढ़ाई संबंधी जानकारी ली, कलेक्टर ने बताया बहुत जल्द तिमेनार में नया स्कूल पक्का भवन बनेगा स्कूल भवन के



अलावा, आंगनबाड़ी, पेयजल, बिजली की सुविधाएं ग्रामीणों को दी जाएगी, तिमेनार के उपरांत एटेपाल में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। शासकीय उचित मूल्य दुकान बेचापाल में ग्रामीणों से मिले, ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द एटेपाल में राशन दुकान खोला जाएगा। जिसमें एटेपाल, पोरीवाड़ा, तिमेनार, इडरीनार के ग्रामीणों को राशन लेने में सहुलियत होगी। वर्तमान में उक्त गांवों के ग्रामीण बेचापाल में राशन लेने को जाते है जिसमें दूरी होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर श्री कटारा ने बेचापाल के उप स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए दैनिक ओपीडी, दवाई की उपलब्धता,स्वास्थ्य कर्मी और मरीजों की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान फुंडरी में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग, पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।























## खास खबर



### भिलाई में वंदेभारत एक्सप्रेस पर फिर हुआ पथराव, पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास की घटना एक्सप्रेस का शीशा टूटा

**भिलाई।** वंदेभारत एक्सप्रेस पर भिलाई में एक बार फिर से पथराव हुआ है। शुक्रवार को नागपुर से बिलासपुर की ओर जा रही है वंदेभारत एक्सप्रेस पर भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के आसपास पथराव किया गया। इस पथराव में एक कोच का शीशा टूट गया है। भिलाई में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की यह दूसरी घटना है और ट्रेन शुरू होने के बाद अब तक तीन बार पथराव हो चुका है। फिलहाल इस मामले में आरपीएफ व जीआरपी मिलकर पथराव करने वाले को तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वंदे भारत शाम 5.23 बजे दुर्ग से छूटी थी। इसके बाद पावर हाउस रेलवे स्टेशन तक पहुंचते पहुंचते इस पर पथराव हुआ। पत्थर ट्रेन की सी-6 बोगी की खिड़की पर लगी जिससे उसका शीशा टूट गया। इससे पहले भी वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव हुआ था। ट्रेन के नियमित परिचालन के तीसरे ही दिन 14 दिसंबर को इस पर पथराव हुआ था। तब भी एक शीशा टूटा था। इस मामले में भी गवर्नमेंट रेलवे पुलिस व आरपीएफ आरोपी को तलाश नहीं कर पाई है। रेलवे ने इस मामले में रेलवे एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शौच के लिए निकली नाबालिग से रेप, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। घटना यहां के गांव ढाबा क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि शख्स ने शौच के लिए जा रही नाबालिग का रास्ता रोककर उससे दुष्कर्म किया। घटना की सूचना के बाद पुलिस अलर्ट हुई और चंद घंटों में ही आरोपी दबोच लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबा में आज दोपहर बाद 3 से चार बजे के बीच की घटना बताई जा रही है। गांव की एक 15 वर्षीय नाबालिक शौच के लिए गई थी। इस दौरान गांव की शख्स रोहित उर्फ पुरोहित साहू (35) ने नाबालिक बालिका का रास्ता रोककर उससे दुष्कर्म किया। घटना की सूचना मिलने पर कुम्हारी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी रोहित उर्फ पुरोहित साहू को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में कुम्हारी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पत्नी को दी खौफनाक मौत, पहले चाकू से गोदा फिर गला रेतकर की हत्या

**रायगढ़ (ए)।** चरित्र संदेह को लेकर एक युवक ने पत्नी को खौफनाक मौत दी। आरोपी ने पहले धारदार चाकू से पत्नी के शरीर पर पहले कई जगह गोदते हुए घायल किया फिर गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना छाल के ग्राम बेहरामार की मृतका हिन्ताबाई बरेठ 25 साल के परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपी भवन बरेठ पिता स्वर्गीय उग्रसेन बरेठ उम्र 31 साल निवासी बेहरामार थाना छाल उसकी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था। बीते शुक्रवार की दोपहर खाना नहीं बनाने की बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इसी झगड़े के बीच आरोपी उसकी पत्नी को धारदार छुरी से गला रेतकर और शरीर में कई जगह चोट पहुंचा कर हत्या कर दी और गांव से ट्रक में बैठकर भाग गया था। इस बीच गांव के लोगों को इसकी जानकारी लगी तो ग्रामीण उसके घर पहुंचे और घर का नजारा देखते ही मामले की जानकारी छाल पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

# पेड़ से टकराने से कार में लगी आग एक युवती सहित 3 जिंदा जले

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** सड़क हादसे की ऐसी घटना सामने आई है जिसे सुनने वाले के रोंगटे खड़े हो जाएंगे। शनिवार देर रात बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में एक कार पेड़ से टकराई और उसके बाद उसमें भयानक आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। राहगीरों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन कुछ नहीं हो सका। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पूरी कार चलकर राख हो चुकी थी। कार के अंदर केवल नरकंकाल बरामद हुआ।

मिली जानकारी के अनुसान यह दर्दनाक हादसा रतनपुर-पेंड्रा मार्ग के ग्राम खैरा और पोड़ी के बीच स्थित देसी मसाला दुकान के पास हुआ। घटना रात 1 से 2 के बीच की बताई जा रही है। रतनपुर से पेंड्रा जाने वाले रोड़ पर कार क्रमांक CG 10 BD 7861 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देखते ही देखते कार में आग लग गई। कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। सभी कार सवार जिंदा ही जल गए।

पुलिस कहना है कि कार नंबर के अनुसार रजिस्ट्रेशन किसी शहनवाज के नाम पर है। वहीं मरने वालों में दो युवक और एक युवती के शामिल होने की बात कही जा रही है। कार शाहनवाज खान के नाम से रजिस्टर्ड है। मृतक दो युवकों में एक का नाम अभिषेक कुर्रे बताया जा रहा है। वहीं दूसरा युवक पत्रकार बताया जा रहा है। कार सवार युवती भिलाई की रहने वाली बताया जा रहा है।

## नेवई में बदमाशों ने घर में घुस कर की थी डकैती, 11 दिन बाद रकम बांटने के विवाद में चढ़े पुलिस के हत्थे

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** नेवई में 11 दिन पहले निलोफर किराना स्टोर्स के संचालक के घर पर कुछ बदमाशों ने अटैक किया था। घर में घुसकर बच्चे के गले में धारदार हथियार रख रुपए पैसे की मांग की गई। इस दौरान घर की तलाशी ली और जो मिला लेकर चलते बने। इस घटना की शिकायत को नेवई पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया और मामूली धाराओं के अपराध दर्ज किया गया। वहीं घटना के 11 दिन बाद चोरी की रकम बांटने के विवाद में तीन तीन आरोपी नेवई पुलिस के हत्थे चढ़े। वहीं तीन आरोपी फरार हो गए हैं।

दरअसल शनिवार को नेवई शराब की दुकान के पास कुछ युवक चोरी की रकम के बंटवारे की बात पर विवाद कर रहे थे। मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची। यहां पहुंचने के बाद पुलिस ने राज कुमार साहू (32) निवासी वार्ड नंबर 12 धनोरा, वीरेन्द्र चंदेल उर्फ दादू (22) निवासी जवाहर नगर अटल आवास वैशालीनगर और व्यंकटेश्वर राव उर्फ वेंकट (45) निवासी सेक्टर 10 को हिरासत में लिया। वहीं इनके तीन साथी आरोपी इमरान खान, राकेश सिंह और रफीक फरार होने में कामयाब हो गए।

पुलिस की पूछताछ में इन आरोपियों ने 10 जनवरी को नेवई के निलोफर किराना स्टोर्स के घर में घुसकर लूटपाट करने की बात बताई। पुलिस के अनुसार निलोफर किराना स्टोर के संचालक नरगिस खान (37) के घर में घुसकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना 10 जनवरी सुबह 6 बजे की है। अपनी शिकायत में नरगिस खान ने बताया कि कुछ लोग घर के अंदर पहुंचे और तुम्हारे पति के कारण जेल जाना पड़ा है। इसके बाद रुपए पैसा कहां है यह कहकर पूरे घर की तलाशी ली और उसके बाद जो मिला उसे लेकर चलते बने। बाद में पता चला कि आरोपियों ने आलमारी में रखे 8 हजार रुपए नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल व अन्य सामान लेकर चलते बने। इसी चोरी की रकम को बांटने के नाम पर इनमें झगड़ा हो रहा था और इसी के चलते आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।


## गली में पानी बहाता था पड़ोसी, कुल्हाड़ी मारकर कर दी महिला की हत्या

**बिलासपुर।** गली में पानी बहाने से पड़ोसी को मना किया तो ऐसा विवाद हुआ कि महिला की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। यही नहीं बीच बचाव करने पहुंची बेटी के गले में भी वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस घटना के बाद मोहल्ले में सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पेंडारी के सतनामीपारा शनिवार शाम को गली में पानी बहने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। यहां रहने वाले मंगलूराम कुर्रे (50) की पत्नी शैलकुमारी कुर्रे (45) की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। हत्या करने वाला पड़ोसी जमुना प्रसाद अनंत घर के सामने पानी फैलाता था इसके लिए आए दिन विवाद भी होता था। शनिवार को विवाद बढ़ा और यह कांड हुआ। इस दौरान बीच बचाव करने मृतका की बेटी सुचित्रा कुर्रे (18) पहुंची तो जमुना प्रसाद ने उस पर भी वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय मृतका का पति मंगलूराम काम पर गया हुआ था।

## पुलिस को चकमा देकर फरार हुए लूट के आरोपी, घंटों मशक्कत के बाद एक पकड़ाया, एक की तलाश जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में लूट के दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। दरअसल थाने में पुलिस अभिरक्षा में बैठे एक आरोपी ने वॉशरूम जाने की बात की तो आरक्षक ने हथकड़ी खोलकर उसे जाने दिया। वॉशरूम से निकलते समय वह आरक्षक को धक्का मारकर भाग गया। इसके पीछे दूसरा आरोपी हथकड़ी के साथ फरार हो गया। घंटों की मशक्कत के बाद शनिवार को वैशाली नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरा आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों के फरार होने की घटना शुक्रवार की है। वैशाली नगर पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जवाहर नगर निवासी इमरान खान व आईएचएसडीपी आवास निवासी राकेश सिंह उर्फ दावु को गिरफ्तार कर थाने में हथकड़ी लगाकर बैठाकर रखा था। इनके खिलाफ धारा 458, 394, 397, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान ड्यूटी पर प्रधान आरक्षक अंकालुराम तैनात थे।

शाम को इमरान ने बाथरूम जाने की बात कही तो प्रधान आरक्षक अंकालुराम दोनों को लेकर बाथरूम के पास पहुंचा। चूंकी दोनों एक ही हथकड़ी से बंधे थे इसलिए प्रधान आरक्षक ने हथकड़ी खोलकर आरोपी इमरान को बाथरूम के अंदर भेजा और बाहर खुद उसका इंतजार करने लगा। कुछ देर पर इमरान बाहर निकला और प्रधान आरक्षक को धक्का देते हुए भाग गया। उसके पीछे राकेश भी हथकड़ी के साथ ही फरार हो गया।

### रातभर खोजती रही पुलिस

कस्टडी से फरार होने के बाद पुलिस रातभर आरोपियों को खोजती रही। इस बीच शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर लिया। वैशाली नगर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी फरार आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हथकड़ी के साथ फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 65 किलो चांदी की बिस्किट के साथ युवक गिरफ्तार जीआरपी ने जब्त किया चांदी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जीआरपी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर हीराकुंड एक्सप्रेस से एक युवक को 65.9 किलो चांदी की बिस्किट गिरफ्तार किया है। युवक जांजगीर चांपा के ज्वेलर्स के यहां काम करता है और बैग में छिपाकर यह चांदी मथुरा लेकर जा रहा था। जीआरपी ले चांदी जब्त कर लिया। जब्त चांदी की कीमत 36 लाख रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में पूछताछ जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को गश्त के दौरान बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को बड़ी सफलता मिली। जीआरपी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि हीराकुंड एक्सप्रेस में बड़ी मात्रा में चांदी की स्मगलिंग हो रही है। मुखबिर ने यह भी बताया कि स्मगर बी-3 कोच में बैठा है। सूचना के बाद जीआरपी ने बिलासपुर स्टेशन पहुंचते ही हीराकुंड एक्सप्रेस बी-3 कोच में तलाशी शुरू की। जीआरपी ने बी-3 कोच के बर्थ नंबर- 40 पर बैठे संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम सौरभ चौधरी (21) बताया है। जीआरपी ने जांच की तो इस चांदी के एवज में कोई भी वैध रसीद या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद जीआरपी युवक को थाने लेकर पहुंची। यहां पर बैग की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में चांदी के बिस्किट भरे थे। पुलिस यह देख हैरान रह गई। वजन कराने पर चांदी के बिस्किट का वजन 65 किलो 900 ग्राम चांदी के बिस्किट भरे थे। युवक ने यह भी बताया कि वह चांपा के सोनार पारा स्थित एक ज्वेलर्स का कर्मचारी है। ज्वेलरी दुकान के संचालक सुनील सोनी और अनिल सोनी को सूचना देने पर वे भी जीआरपी थाने पहुंचे। उनके पास भी चांदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। फिलहाल इस पूरे मामले में जीआरपी जांच कर रही है।

## पुल निर्माण में लगे वाहनों को नक्सलियों ने फूंका, चिंतलनार मोरपल्ली मार्ग में चल रहा था काम



**सुकमा।** जिले में नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगे वाहनों को फूंक दिया है। नक्सलियों ने यहां पर पर दो वाहनों के आग के हवाले कर दिया। पुल निर्माण का कार्य चिंतलनार-मोरपल्ली मार्ग पर चल रहा था। वाहनों को फूंकने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए हैं और काम नहीं करने की चेतावनी भी दी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार चिंतलनार थाना क्षेत्र में शनिवार को चिंतलनार-मोरपल्ली मार्ग पर पुल निर्माण का काम चल रहा था। यह पूरा क्षेत्र धुर नक्सली क्षेत्र माना जाता है। शनिवार की दोपहर को जंगल की ओर से कुछ लोग पहुंचे। सभी ग्रामीणों के भेष में थे। इन लोगों ने मौके पर पहुंचते ही मजदूरों से काम बंद कराया और वाहनों में तोड़फोड़ की। वाहन की डीजल टंकी फोड़कर उसी डीजल से वाहनों को फूंक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी जंगल की ओर भाग गए। बताया जा रहा है कि काम शुरू करने से पहले ठेकेदार ने पुलिस को सूचना नहीं थी। हालांकि इसे लेकर पुलिस की ओर से कोई फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भव्य शोभायात्रा के साथ मां परमेश्वरी मंदिर में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**दुर्ग।** दुर्ग शहर ब्लॉक देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी मंन्दिर गया नगर दुर्ग में शनिवार से नव दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ विशाल एवम भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर जिला महामंत्री भाजपा, आशीष लिमजे, पुराणिक राम देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज, भूषण लाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज, कृष्ण कुमार देवांगन एल्डरमैन नगर निगम दुर्ग, मां परमेश्वरी मंदिर प्रभारी दुष्यंत देवांगन व घनश्याम देवांगन अध्यक्ष देवांगन जनकल्याण समिति भिलाई ने शोभायात्रा को पूजा अर्चना कर रवाना किया। इस अवसर पर परमेश्वरी विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुर्ग महिला देवांगन समाज की 200 माताओं ने कलश यात्रा में सम्मिलित हुआ। समाज के अध्यक्ष राकेश देवांगन ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। कथा वाचक आचार्य अरुण मिश्रा गया नगर दुर्ग होंगे। कथा का समापन 29 जनवरी को माँ परमेश्वरी महोत्सव के साथ होगा। आज के इस कार्यक्रम में दुर्ग शहर ब्लॉक देवांगन समाज, समस्त मंडल देवांगन समाज दुर्ग, देवांगन जनकल्याण समिति भिलाई के समस्त पदाधिकारी गण सहित सैकड़ों की संख्या में देवांगन जन उपस्थित थे।

### भोपाल आईएएस वीके बाथम ने की केसरा गौठान की सराहना

**दुर्ग।** 20 जनवरी को वीके बाथम आईएएस भोपाल, (म.प्र.) द्वारा जनपद पंचायत पाटन स्थित गौठान केसरा का निरीक्षण व अवलोकन किया गया। गौठान में उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से वर्मी खाद एवं गोबर क्रय के संबंध में जानकारी ली गई। जिसमें लगभग आठ हजार चिंटल गोबर क्रय एवं 2100 चिन्टल वर्मी खाद विक्रय होना बताया गया। गौठान में स्थित गोबर पेंट निर्माण इकाई का अवलोकन किया गया। साथ ही स्व सहायता समूह द्वारा संचालित व रोपित विभिन्न प्रकार की सब्जियों का अवलोकन किया गया व समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई।

### पोटिया के छात्रों ने विधायक को दिखाई स्कूल की दुर्दशा

**दुर्ग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पोटिया में अध्ययनरत तकरीबन 400 बच्चे जर्जर भवन में जान के खतरे के बीच शिक्षा प्राप्त करने स्कूल जा रहे हैं। शनिवार को वरिष्ठ विधायक एवं भंडारगृह अध्यक्ष अरुण वोरा को सामाजिक कार्यक्रम से लौटते हुए बच्चों ने घेर लिया एवं अपनी समस्या बताई। वोरा बोरसी से पोटिया होते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से लौट रहे थे जिसका पता लगते ही बच्चों ने वोरा से विद्यालय का निरीक्षण करने का आग्रह किया। स्कूल के जर्जर भवन को देखते हुए विधायक वोरा ने तत्काल डीईओ अभय जायसवाल से चर्चा कर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार लगातार शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है सभी ब्लाकों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की स्थापना के साथ ही पूर्व में संचालित स्कूलों के संधारण के लिए 500 करोड़ रु का बजट दिया गया है।

मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने जेवरा एवं मुरमुंदा में राजीव सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन, कहा–

# बुनियादी सुविधाओं के साथ तेज आर्थिक विकास के लिए सरकार कर रही है कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री एवं अहिवारा विधायक गुरु रुद्र कुमार ने आज जेवरा एवं मुरमुंदा में राजीव सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन द्वारा तेजी से बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही तेज आर्थिक विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।**



जल जीवन मिशन के माध्यम से सभी गांव में पीने के शुद्ध जल की व्यवस्था की जा रही है। रीपा के माध्यम से ग्रामीण उद्यम को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को आय के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। मंत्री ने कहा कि रीपा के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों के लिए आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध करा रहे हैं जिसमें भूमि की उपलब्धता के साथ ही पानी बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं भी है। इसके साथ ही हम बैंक लिंकेज की दिशा में कार्य भी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध होने तथा कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से शहरी क्षेत्रों में पलायन पूरी तरह से रुक जाएगा। मंत्री ने कहा कि धान का उचित मूल्य देने से किसान खेती की ओर वापस लौट आए हैं। खेती का बढ़ता हुआ रकबा और इस साल हुई रिकॉर्ड धान खरीदी के आंकड़ों से पता चलता है कि किसान पुनः खेती में लौट आए हैं और रुचि से खेती कर रहे हैं और इसके माध्यम से आर्थिक विकास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गौठान में भी आजीविकामूलक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। हर गौठान में स्थानीय जरूरतों के मुताबिक वस्तुओं का उत्पादन स्व सहायता समूह की दीदियों के द्वारा किया जा रहा है। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लगातार आप लोगों से संपर्क में रहता हूं और आप लोगों से जो विकास कार्यों के फीडबैक मिलते हैं उसके अनुरूप विकास की योजनाएं तैयार की जाती हैं तथा बुनियादी अधोसंरचना तैयार की जाती है।

### मानस प्रतियोगिता में भी लिया भाग

मंत्री ने इस मौके पर विकासखंड स्तरीय मानस प्रतियोगिता कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मंत्री ने कहा कि लोक परंपरा में रामचरितमानस बसी हुई है। मानस प्रतियोगिता के माध्यम से सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और अपने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का कार्य हो रहा है जो बहुत अच्छा है आप लोगों की सुंदर प्रस्तुति देखी बहुत अच्छा लगा। मुरमुंदा के ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने पचरी निर्माण की घोषणा भी की। जेवरा में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी यादव, धमधा जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती रात्रि, हीरा वर्मा, पूर्व सभापति एवं विधायक प्रतिनिधि विजय जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हिंदू युवा मंच ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए भक्ति मार्च निकाला

**दुर्ग।** बागेश्वरधाम के पीठाधीश धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के ऊपर सनातन विरोधियों द्वारा अपत्तिजनक टिप्पणी एवं झूठा आरोप लगाने के विरुद्ध हिंदू युवा मंच ने सिद्धि विनायक मंदिर दुर्ग से प्रारंभ करते हुए दुर्ग कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन एवं भक्ति मार्च निकाला हिंदू युवा मंच के रोशन सिंह राजपूत ने बताया की उक्त प्रदर्शन में साधु संतो का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान, जय श्रीराम का नारा लगाते हुए श्रीराम जी का भजन कीर्तन करते हुए भक्ति मार्च निकाला गया। अपमान पर प्रशासन द्वारा कानूनी रोक लगाने एवं भविष्य में दुबारा साधु संतो का अपमान नही होने के लिए ज्ञापन सौंपा जिसमे जिला कलेक्ट्रेट द्वारा ज्ञापन स्वीकार करते हुए हिन्दू युवा मंच को आश्वासन देते हुए कहा कि इस प्रकरण पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उक्त प्रदर्शन संगठन प्रमुख गोविंद राज नायडू जी के नेतृत्व में हुआ जिसमे प्रदेश अध्यक्ष कुमार नायर एवं संगठन महामंत्री राजेश शर्मा जिला योजना समिति के सदस्य अरुण सिंह, राजा देवांगन राज देवकर, हरि जगबेड़ा, रवि साहू,दीपक पांचाल,आदित्य देशमुख,सुमित निर्मलकर के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 18 को भोले बाबा की बारात, केरल और आंध्रप्रदेश की झांकी, संगीत संध्या में खास प्रस्तुति, तैयारियों में जुटी समिति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाइयंस का इंतजार खत्म होने वाला है। भोले बाबा की बारात निकलने वाली है। हर साल की तरह इस साल भी भिलाई में यह आयोजन खास होने वाला है। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर यह आयोजन होने जा रहा है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से लगातार महाशिवरात्रि पर भोले बाबा की बारात निकाली जाती है।

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, आयोजन को लेकर तैयारी जबरदस्त चल रही है। बारात इंदिरा नगर हथखोज से सुबह 11.30 बजे से निकलेगी। बारात का स्वागत रात 8.30 बजे किया जाएगा। हर बार की तरह इस बार भी केरल और आंधप्रदेश की झांकी विशेष होगी। केरल की झांकी में हनुमान भगवान का विशाल रूप देखने को मिलेगा। हंश पक्षी नृत्य डांस होगा। यह 12 लोगों द्वारा किया जाएगा। शिव भगवान बूढ़ा नृत्य 10 टीमों द्वारा किया जाएगा। शिव बारात भूत पिशाच की 12 टीमें रहेंगी। वहीं आंधप्रदेश की झांकी भी खास होने वाली है। श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर शमशान महाकाल की विशेष प्रस्तुति होगी। बाबा की बारात से पहले भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।



न्यू खुर्सीपार स्थित अग्रसेन भवन भिलाई में यह आयोजन किया जाएगा। इस बार महाबारात में हरियाणा सिरसा के रामू राजस्थानी (मलंग पागल बाबा जी) की विशेष प्रस्तुति होगी। महिला विंग जिला अध्यक्ष मंजू मिश्रा, उपाध्यच पुष्पा सिंह, राजिंदर कौर, बबलीदेवी, राजकली देवी, बिलोटिन कुमारी, सोभा सरोज, सुसीला देवी, मधु कुमारी, तरणी शर्मा, ज्ञात्री साहू, मधुबेला वर्मा, कुलेस्वरी नेताम एवम सैकड़ों महिला उपस्थित रही।

## अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंगो/भवनों की जांच प्रारंभ, आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कई स्थानों पर निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर भगवा चौक के पास निर्माणाधीन भवनों एवं बिल्डिंगों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्माणकर्ताओं को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है और की मोहलत दी गई है। आज भिलाई के कैलाश नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का सघन रूप से निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया गया।**



भगवा चौक के समीप 5 स्थानों पर निर्माण कार्य हो रहे थे। जिनमें से 3 लोग अपने दस्तावेज नहीं दिखा पाए तथा दो लोग भवन अनुज्ञा लेकर निर्माण कर रहे थे। इन तीन लोगों को दस्तावेज प्रस्तुत करने सोमवार तक की मोहलत दी गई है। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर में राजाराम गुप्ता, बिरजू चौधरी, रंजीत कुमार दास, सुब्रतो मोदक तथा प्रदीप कुमार सिंह आदि के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण निगम ने किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के सभी जोन आयुक्त को निर्माणाधीन भवनों तथा निर्माण कार्यों की जांच करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में निर्माण कार्यों की जांच की जा रही है। निर्माण कार्यों के लिए भवन अनुज्ञा ली गई है या नहीं और अगर अनुज्ञा ली गई है तो क्या अनुज्ञा के अनुसार निर्माण कार्य हो रहा है इसकी जांच भी की जा रही है। निर्माण कार्य यदि अनुज्ञा के विपरीत है या अनुज्ञा प्राप्त नहीं है तो इस पर प्रारंभिक तौर पर ही कार्रवाई करना तथा रोक लगाना आसान हो जाता है। भिलाई निगम क्षेत्र के सभी स्थानों पर निर्माणाधीन भवनों एवं निर्माण कार्यों की जांच की जाएगी। वैशाली नगर की जोन आयुक्त येशा लहरें ने सहायक राजस्व अधिकारी जगन्नाथ तिवारी एवं निगम के राजस्व विभाग की टीम के साथ निर्माणाधीन भवनों एवं बिल्डिंगों की जांच की। इस दौरान उन्होंने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले निर्माणकर्ताओं को सोमवार तक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। बिना भवन अनुज्ञा प्राप्त किए निर्माण कार्य करने वालों पर गाज गिरना तय है।

## वनस्पति विज्ञान नवीन शोध एवं नवाचार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्वशासी महाविद्यालय द्वारा 17-18 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार इन्नोवेशन एंड इमर्जिंग नोबेल रिसर्च इन प्लांट साइंस 2023 में आप सभी का स्वागत करता है। इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम डॉ सुजॉय गुप्ता (म्ञमतपजने ेबपमदजपेज) बोस इंस्टीट्यूट कोलकाता द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने ज्ञमल दवजम ेककतमे दिया। पूरे कार्यक्रम में डॉ सतीश कुमार सेन एवं डॉ श्रीराम कुंजाम सहायक आयोजक सचिव के रूप में सराहनीय कार्य किया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं सहायक समन्वय प्रोफेसर गायत्री पांडे का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं पूजा से की गई जिसमें छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा दी गईस विभाग के डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने उद्घाटन सत्र का संचालन पूरे गरिमामई रूप से छत्तीसगढ़ के राजगीत से कियास तत्पश्चात कॉन्फ्रेंस सोवेनियर का विमोचन किया गयास साथ ही डॉक्टर विजय लक्ष्मी नायडू के द्वारा लिखित भूपदेवपुर रिजर्व फॉरेस्ट पर जैव विविधता का अध्ययन नामक किताब का विमोचन प्राचार्य डॉ राजेंद्र चैबे एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर सुजोय दास गुप्ता द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया।

## सेल स्वर्ण जयंती मेगा क्विज प्रतियोगिता 2022-23 का ग्रैंड फिनाले बोकारो की टीम रही विजेता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल के स्वर्ण जयंती के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक सेल स्तरीय क्विज का आयोजन किया। इसमें सेल के विभिन्न इकाइयों की टॉप टीमों ने भाग लिया। के इसके फाइनल का आयोजन बीएसपी के भिलाई निवास में किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में आज दिनांक 21 जनवरी 2023 को सेल स्वर्ण जयंती मेगा क्विज प्रतियोगिता 2022-23 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया है।**




इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) निषा सोनी उपस्थित रही। मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) संजय धर द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं विभाग) जे वाई सपकाले भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) निषा सोनी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि सेल स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित इस मेगा क्विज के विजेता टीमों को बधाई देती हूं। यह क्विज सेल के विभिन्न इकाइयों के बीच टीम बिल्डिंग एक्ससाइज साबित हुआ जो हमारे सेल टीम को एक नई मजबूती देगा। ज्ञान के इस आयोजन में जीत किसी एक टीम की हुई परन्तु सभी टीमें ज्ञान का सागर लेकर लौटेंगी। मैं आप सभी टीमों को पुनः बधाई देती हूं। इस मेगा क्विज के विजेता रहे- बोकारो स्टील प्लांट से आए देबब्रत चैधरी व राजीव गौतम की टीम। द्वितीय स्थान पर डीएसपी दुर्गापुर के आनंद कुमार व धीरज कुमार की टीम ने तथा तृतीय स्थान पर आरएसपी राऊरकेला से एस एस पंडा व सम्पद मिश्रा की टीम ने कब्जा जमाया। इस क्विज के क्वीज मास्टर थे निवेष विजयन एवं शालिनी चैरसिया। विदित हो कि इस आयोजन के रूपरेखा के निर्माण में महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री अमूल्य प्रियदर्षी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन किया वरिष्ठ प्रबंधक (एचआरडी) सुभाष पटेल ने किया। इस प्रतियोगिता में बोकारो स्टील प्लांट से देबब्रत चैधरी व राजीव गौतम की टीम तथा नितिष कुमार व आकाष कुमार की टीम, भिलाई इस्पात संयंत्र के विकास पिपरानी व आषीष अग्रवाल की टीम तथा संदीप साहू व अमित माथुर की टीम, इस्को बर्नपुर से श्री मृगांक शषी व इस्तियाक महफूज की टीम तथा विमल यू तथा राहुल कौषिक की टीम, कॉर्पोरेट ऑफिस दिल्ली से दिनेष कुमार व श्री शैलेष कुमार शर्मा की टीम, आरएसपी राऊरकेला से एस एस पंडा व श्री सम्पद मिश्रा की टीम तथा मिहिर महापात्रा व श्री पी एल दास की टीम, सेट रांची से श्री राजीव बनर्जी व सिबाषीष मुखर्जी की टीम, डीएसपी दुर्गापुर से आनंद कुमार व धीरज कुमार तथा मनीष कुमार नेमा व शमषेर अली की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न इकाइयों की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस मेगा क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) निषा सोनी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (एचआरडी) अमूल्य प्रियदर्षी ने किया।

## भूपेश सरकार की योजनाओं से किसान खुशहाल- राजेन्द्र साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ में अब तक 103 लाख मैट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जो बड़ा रिकार्ड है। इस रिकार्ड में दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिला के 16 लाख 48 हजार 316 मैट्रिक टन धान खरीदी का हिस्सा शामिल है। जिसकी खरीदी राशि 3 हजार 3 सौ 68 करोड़ 43 लाख 99 हजार रुपए है। जिनमें से तीनों जिले के अन्नदाता किसानों को अब तक 3 हजार 308 करोड़ 21 लाख 14 हजार रुपए ऑनलाईन भुगतान किया जा चुका है।**

इस वर्ष तीनों जिले से धान खरीदी के लिए कुल 3 लाख 98 हजार 475 किसान पंजीकृत किए गए थे। जिनमें से 3 लाख 86 हजार 222 किसानों ने 366 सोसायटियों के माध्यम से धान की बिक्री की। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा है। जिसका प्रमुख कारण छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की किसान हितैषी राजीव गांधी किसान न्याय योजना है। इस योजना ने किसानों का उत्साह बढ़ाया है। जिससे धान का रकबा और किसानों की आय भी बढ़ी है। कर्ज माफी के बाद इन तीनों जिले में आज की स्थिति में कोई भी किसान डिफाल्टर नहीं है। यह बातें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास, विपणन अधिकारी एसके न्यूसरकर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य की भूपेश बघेल सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का किसानों को लाभ मिल रहा है। भाजपा ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था, लेकिन यह वादा खोखला साबित हुआ है। इसके विपरीत छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ी है। राज्य सरकार के योजनाओं से किसान लाभांवित हो रहे है। धान के अलावा गोबर व गौमूत्र बिक्री से भी किसान आय अर्जित कर रहे है। गौठान से किसान व ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। जिससे छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा पर लगे आरोपों से जुड़े सवाल के जवाब में श्री साहू ने कहा कि श्री वर्मा ने कोई गलत काम नहीं किया है। जिसकी जांच की जाए। बैंक अध्यक्ष को तालपत्री व सुतली खरीदने का अधिकार नहीं है। खरीदी के लिए सेवा सहकारी समिति खुद सक्षम है। श्री साहू ने कहा कि जवाहर वर्मा छत्तीसगढ़ साख सहकारी समिति के अध्यक्ष चुने गए थे। इसलिए उन्होने केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष पद से खुद इस्तीफा दिया था। उन्हे पद से हटाया नहीं गया था। एक सवाल के जवाब में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि भूमि विकास बैंक की जगह में संचालित सबको संस्था को जगह खाली करने के संबंध में नोटिस दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950